उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी.....

www.bpsnews.in

वर्षः 11 || अंकः5 || पृष्ठः 8 +4= 12 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 02 मार्च 2026





अंदर के पृष्ठ पर
प्रदर्शन कांग्रेसजनों ने स्वामी अविमुक्केश्वरानंद पर लगे मुकदमे को बताया झूठा 8
बूथ दिवस पर डीएम ने परखी हकीकत मतदाताओं से नाम जांचने की अपील 3




# इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर लगाई रोक



» बीपीएस न्यूज

» अदालत ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक शंकराचार्य और उनके शिष्यों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

लखनऊ। एक अहम घटनाक्रम में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक लगाकर उन्हें बड़ी राहत दी। कोर्ट के आदेश मामले में अगली सुनवाई तक ज़बरदस्ती कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा दी गई है। राहत की मांग वाली याचिका चल रही कानूनी कार्रवाई के बीच दायर की गई थी, और बेंच ने अधिकारियों को शंकराचार्य के खिलाफ तुरंत कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट में शुक्रवार को दोपहर करीब 3.45 बजे संत की एंटीसिपेटरी बेल अर्जी पर सुनवाई हो सकती है। उनके शिष्य संजय पांडे ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने रोज़ाना के धार्मिक काम जारी रखे और हमेशा की तरह अपनी रोज़ की पूजा-पाठ की। मठ में बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी मौजूद थे। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि उनके वकील कोर्ट में मौजूद थे और कोर्ट के सामने सारे सबूत पेश करेंगे।

उन्होंने कहा कि झूठ ज़्यादा दिन नहीं चलता। जिन्होंने झूठी कहानी बनाई है, वे बेनकाब हो रहे हैं। जैसे-जैसे लोगों को इस मनगढ़ंत मामले के बारे में पता चलेगा, सच्चाई सामने आ जाएगी।मेडिकल जांच रिपोर्ट से जुड़े दावों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक मेडिकल रिपोर्ट हमारी संलिप्तता कैसे साबित कर सकती है? कहा जा रहा है कि रिपोर्ट में गलत काम साबित हुआ है। यह किसी का बयान हो सकता है, लेकिन इतने दिनों बाद की गई मेडिकल रिपोर्ट का क्या मतलब है?÷ उन्होंने कहा कि अगर कोई गलत काम हुआ भी होता, तो इससे अपने आप यह साबित नहीं होता कि कौन ज़िम्मेदार था। उन्होंने कहा, ÷जो बच्चा कभी हमारे पास नहीं आया, उसे आसानी से हमारे नाम से नहीं जोड़ा जा सकता।





















## अपनी बात....

संपादकीय .............

# ट्रायल कोर्ट के फैसले से आप को प्राणवायु

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह फैसला सीबीआई की तरफ से दायर मामले में आया है। अदालत ने सीबीआई की जांच में खामियों को उजागर करते हुए कहा कि आरोप गवाह या ठोस सबूतों पर आधारित नहीं हैं। अदालत का तर्क था कि चार्जशीट में उल्लेखित दावे तार्किक आधार नहीं रखते। उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए दिल्ली सरकार ने एक नई आबकारी नीति साल 2021 में लागू की थी। जिसके अंतर्गत शराब कारोबार निजी क्षेत्र को देने का निर्णय लिया गया था। तत्कालीन सरकार ने दलील दी थी कि नई नीति राज्य के राजस्व में आशातीत वृद्धि करेगी। बहरहाल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया फिलहाल नैतिक रूप से खुद को बेहतर स्थिति में होने का दावा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दर्ज दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केजरीवाल तथा 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। निश्चय ही संकट से जूझ रही आम आदमी पार्टी के लिये यह फैसला प्राणवायु जैसा साबित हो सकता है। दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच एजेंसी का मामला न्यायिक जांच की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। कोर्ट का कहना था कि अटकलों व अनुमानों को कानूनी रूप से मान्य सबूतों के रूप में पेश नहीं किया जा सकता। बहरहाल, इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी है। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट का यह फैसला केजरीवाल व उनकी टीम के लिये आधी लड़ाई जीतने जैसा है। जिससे वे खुद को आम आदमी पार्टी के कोर वोटरों को अपने पाक-साफ होने का विश्वास दिलाने का प्रयास कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस प्रकरण को अपना मुख्य मुद्दा बनाकर आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर तीखे हमले बोले थे। पार्टी ने दिल्ली के मतदाताओं को यह समझाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी कि केजरीवाल सरकार का भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सिर्फ एक राजनीतिक प्रपंच है। बहरहाल, इन आरोपों के बीच स्वच्छ शासन का वादा करते हुए भाजपा ने 26 वर्ष के लंबे अंतराल पर दिल्ली की सत्ता में वापसी की थी, जबकि आप दूसरे स्थान पर रही थी। दिल्ली विधानसभा में मिली शिकस्त के बाद ही आप के शीर्ष नेतृत्व ने अपना पूरा ध्यान पंजाब पर लगाया था। आज पंजाब ही ऐसा राज्य है जहां आम आदमी पार्टी की सरकार बची है। भले ही ट्रायल कोर्ट के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है,लेकिन एक बात तो तय है कि निचली अदालत के आदेश के बाद आप को दिल्ली में खोये जनाधार को फिर से हासिल करने का मौका मिल सकेगा। वह अपनी पार्टी के मुख्य भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को फिर से चलाने के लिये नैतिक बल तो हासिल कर पायी है। दरअसल, इस फैसले से जांच में अत्यधिक दखलंदाजी को लेकर कई असहज करने वाले सवाल भी उठे हैं। खासकर अदालत की वह टिप्पणी, जिसमें कहा गया कि जांच एक पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है। यानी जांच में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है। दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कहा है कि आबकारी नीति मामले में जुड़ी उसकी मनी लॉन्ड्रिंग की स्वतंत्र जांच मजबूत आधार रखती है। कानून के पंडित कयास लगा रहे हैं कि यदि सीबीआई मामले में निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय द्वारा भी बरकरार रखा जाता है तो ईडी द्वारा अभियोजन की कानूनी वैधता पर नये सिरे से सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, निचली अदालत के फैसले ने केजरीवाल, सिसोदिया तथा आम आदमी पार्टी में नई ऊर्जा का संचार तो कर ही दिया है। निश्चित रूप से दिल्ली में सरकार बनाने वाली भाजपा के लिये यह स्थिति असहज करने वाली है। बहरहाल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया फिलहाल नैतिक रूप से खुद को बेहतर स्थिति में होने का दावा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दर्ज दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केजरीवाल तथा 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। निश्चय ही संकट से जूझ रही आम आदमी पार्टी के लिये यह फैसला प्राणवायु जैसा साबित हो सकता है। दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच एजेंसी का मामला न्यायिक जांच की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। कोर्ट का कहना था कि अटकलों व अनुमानों को कानूनी रूप से मान्य सबूतों के रूप में पेश नहीं किया जा सकता। बहरहाल, इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी है।

# झांसी की होली पर कहर बरपाया था डलहौजी

ऋतु शास्वत

**स्वतंत्रता सेनानी होली के महीनों पूर्व ही गाजे-बाजे के साथ देशवासियों में स्वतंत्रता की चेतना जगाने वाले फगुए गाना और गुलाल व फूलों से होली खेलना शुरू कर देते थे। धुलेंडी के दिन महिलाएं और बच्चे खादी के वस्त्र पहनकर सुराजी गाने गाते थे।**
**वर्ष 1920 में महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन का आह्वान किया तो विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी के इस्तेमाल की उनकी अपील ने ऐसा रंग दिखाया था कि देशवासियों ने विदेशी कपड़ों तक की होली जला डाली थी। लेकिन उस दौर की होली का यह पूरा परिचय नहीं है। तब होली आती तो आज़ादी के दीवानों और उनकी राह में कांटे बिछाते रहने वाले अंग्रेजों के बीच नए सिरे से ठन जाती थी। कारण यह था कि आज़ादी के दीवाने प्रायः होली पर देशवासियों को राग-द्वेष भुलाकर एक करने, जगाने और लड़ने को प्रेरित करने की नई कवायदें शुरू करते थे, जो अंग्रेजों को कतई गवारा नहीं होती थीं।**



1853 में झांसी की होली के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था, 21 नवम्बर, 1853 को उसके राजा गंगाधर राव नेवालकर के निःसंतान निधन के बाद अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी ने झांसी पर 'डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स' का कहर बरपाने के लिए होली का ही दिन चुना था। इतिहासकारों के अनुसार, गंगाधर राव अपने रहते अपने दत्तक पुत्र दामोदर राव को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर गए थे। लेकिन उनके निधन के बाद डलहौजी ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

प्रसंगवश, डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स ईस्ट इंडिया कंपनी के अधीनस्थ भारतीय राज्यों व रियासतों को उसके साम्राज्य में मिलाने की ऐसी 'हड़प नीति' थी, जिसके तहत कोई राजा निःसंतान रहते दुनिया को अलविदा कह जाता तो राज्य को कंपनी के साम्राज्य में मिला लिया जाता था।

झांसी को हड़पने के लिए डलहौजी ने इसी नीति के तहत 7 मार्च, 1854 को एक फरमान निकाला और इरादतन होली के दिन ही झांसी भेजा। फरमान के साथ एक इश्तिहार भी था, जिसमें लिखा था कि अब कंपनी की ओर से झांसी का शासन मेजर एलिस चलाएंगे।

इस रंग में भंग के बाद झांसीवासी भला होली कैसे मनाते? रानी लक्ष्मीबाई ने भी होली के सारे समारोह रद्द कर दिए और महल में जाकर भविष्य पर छाए काले बादलों से निपटने की योजनाएं बनाने में व्यस्त हो गईं। तब से डेढ़ से ज्यादा शताब्दी बीत गईं, लेकिन झांसी के लोग उस फरमान के आने, रानी द्वारा उसे अंगूठा दिखाने और इससे क्रुद्ध अंग्रेजों के विकट हमले के दौरान झांसी को बचाते हुए वीरगति प्राप्त करने की याद में होली के दिन होली नहीं मनाते।

काश! लाहौरवासी भी झांसी वालों की तरह उन छह बब्बर अकाली आंदोलनकारियों की शहादत को याद रखते और उनका शोक मनाते, 1926 में जिन्हें अंग्रेजों ने लाहौर सेंट्रल जेल में होली के दिन ही फांसी दे दी थी। उस साल होली 27 फरवरी को थी और उस दिन फांसी पर लटकाए गए इन आंदोलनकारियों के नाम थे–किशन सिंह गड़गज्ज, संता सिंह, दिलीप सिंह, नंद सिंह, करम सिंह और धरम सिंह।

तब भगत सिंह 'क्रांतिकारियों का शहर' कहलाने वाले कानपुर में रहकर आज़ादी की लड़ाई में ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले गणेश शंकर विद्यार्थी के लोकप्रिय पत्र 'प्रताप' में काम कर रहे थे।

उन्होंने 'एक पंजाबी युवक' के नाम से 15 मार्च, 1926 के 'प्रताप' में लेख लिखकर इस बात पर रोष और क्षोभ जताया था कि इस छह वीरों के बलिदानों को लेकर लाहौर शोक में नहीं डूबा और होली मनाता रहा।

इसी 'प्रताप' के शहर कानपुर में 1942 में होली के दिन हटिया बाजार के रज्जन बाबू पार्क में जमा क्रांतिकारी तिरंगे झंडे को खूब ऊंचा फहराकर होली खेल रहे थे, तो अंग्रेजों के दर्जन भर घुड़सवार सिपाही सरपट घोड़े दौड़ाते आए और तिरंगा उतारने लगे। दोनों पक्षों में भीषण संघर्ष छिड़ गया। अंततः सिपाही भारी पड़े और अंग्रेज अफसरों ने और पुलिस बल बुलाकर 45 क्रांतिकारियों को क्रूरतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

जैसे ही इन गिरफ्तारियों की खबर फैली, समूचा कानपुर क्रांतिकारियों के समर्थन में सड़कों पर उतर आया। छह दिन बीत गए, फिर भी जनाक्रोश नहीं थमा तो अफसरों को विवश होकर क्रांतिकारियों की रिहाई का आदेश देना पड़ा। सातवें दिन क्रांतिकारी जेल से छूटे तो उन्हें एक जुलूस के साथ कानपुरवासी उन्हें हटिया के उसी रज्जन बाबू पार्क में ले आए, जहां तिरंगा फहराने के जुर्म में सिपाहियों ने उन्हें पकड़ा था। फिर वहां जश्नपूर्वक होली मनाई। तभी से कानपुर में सात दिन होली मनाई जाती है।

गौरतलब है कि स्वतंत्रता सेनानी होली को सामाजिक सुधार और शिक्षा का त्योहार बनाने की अपनी कोशिशों को लेकर अंग्रेजों से टकराते रहे थे। स्वतंत्रता सेनानी होली के महीनों पूर्व ही गाजे-बाजे के साथ देशवासियों में स्वतंत्रता की चेतना जगाने वाले फगुए गाना और गुलाल व फूलों से होली खेलना शुरू कर देते थे। धुलेंडी के दिन महिलाएं और बच्चे खादी के वस्त्र पहनकर अपने मोहल्लों में और कई बार मोहल्ले के बाहर भी निकलते और सुराजी गाने गाते थे। उन सारे गानों में कुरीतियां व रूढ़ियां मिटाकर समाज को बेहतर बनाने पर जोर होता था। जेलों में बंद स्वतंत्रता सेनानी भी कभी जेल के अफसरों से इजाज़त लेकर और कभी इजाज़त न मिलने पर उसकी अवज्ञा कर होली खेलते थे। उनकी होली में भी सर्वाधिक जोर सद्भाव पर ही होता था।

## वक्त बिता रामरूप की ट्रेनिंग पूरी तो हो गई लेकिन सीने में धधकती बदले की आग बुझ चुकी थी।

# होली पर राजनीतिक रंग धोने की वाशिंग मशीन

राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा

**यह होली मोदी जी और समस्त जी परिवार के लिए यादगार होली होगी क्यूंकि जोगीरा इस बार सवर्ण गायेंगे और अलग ङ्क अलग जातिगत रंगों की पिचकारी लेकर राजनीतिक दल हुडदंग मचाएंगे। सभी पार्टियों के पास सपेशल होली कलाकार और हुडदंगी है जैसे यादवों के पास कंचना, जाटवो के पास प्रियंका, समूल धरा और मूलनिवासी ग्रह के पास उनके पर्सनल उदित राज और भाजपा के पास कई राज्यों के सीएम और खुद पीएम इस बार मुंह पर करिया रंग लगाए घूमते घामते दिखेंगे उधर कायदे से देखे तो होली आश्रम की भी स्थापना हुई है जिसमें रावन की मूर्ति लगी है और ढंपली गैंग उसी मूर्ति के आगे जातिवाद होली एक्सपर्ट संत लछुमन यादव के सानिध्य में ब्राह्मणवाद पर भजन गा रही। रंगों के इस त्योहार पर सर्व सी नमो रंगीन दाढ़ी और मिटरो वाला गमोछा लिए ओबीसी के पर्सनल बाबा साहब बने फिर रहें, साहेब भी ट्रेंडिंग में हैं जो जातिवाद के रंगों के सिद्ध पुरुष है।**

कोई इतिहासकार नहीं दिख रहा था इस होली वाली लिस्ट में तो इतिहासकार के रूप में रोमिला यादव भी जुड़ गई और टीवी एंकर के रूप में कोई मोंटी कुर्मी है दस्तक से दस्त करने वाला। तो कुल मिलाकर इस बार एक जगह हुड़दंग, चूंकि मैं व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी का छात्र हूँ इसलिए अपने अध कचरे ज्ञान का थोड़ा नमूना शब्दों की पिचकारी पेश कर दे रहा हूँ। सिद्ध संत लछूमन यादव के अनुसार प्रथम रंगीन होली स्तूप अतिपिछड़े, चौथी सदी के दौरान एक छत्रप थे रूद्रदेव आहार ने बनवाया था। जिसके नीचे रोमारियो उर्फ़ रामरूप पाल रंगों के अफ्रीकन देवता का आह्वाहन करता था। ज़ब रामरूप छोटा था तो सुबह शाम अपनी भेड़ें चराता और दोपहर को स्कूल जाता। एक बार



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अध्यापक ने पूछा युगांडा के अफ़्रीकी नस्ल किस जाति जीव हैं ? सभी पंडित और ठाकुर के बच्चो के मुंह उतर गए। तभी सवाली शक्ल वाला रामरूप पाल खड़ा हुआ और बोला यह नस्ल मूलनिवासी होती है। सही उत्तर सुनकर क्लास टीचर दामोदर पॉल खुश हुए और जेब से दस का नोट नजराने में देते हुए बोले। इन पैसों से तुम विज्ञान और संविधान की पिचकारी खरीदना तुम्हारे अंदर मुझे किसी बहुजन नायक का अक्स दिखता है।पैसे देख कर, पंडित के बच्चो को रामरूप आंखों में चुभ गया। जातिवादी ब्राह्मनो ने एक साजिश रची उन्होंने अपनी कुटिल बुद्धि का इस्तेमाल कर पड़ोस गांव के एक मुस्लिम से बोल कर रामरूप की भेड़ का गलत परिचय देते हुए उसे मुर्गा बम बना कर पेश किया । इसकी शिकायत करने जब रामरूप थाने में गया तब एमपी प्रदेश के मुख्यमंत्री यादव जी ने फोन कर के थानेदार को साफ मना कर दिया कि रामरूप को कोई हाथ नहीं लगाएगा। इससे आहत होकर ब्राह्मण समाज ने प्रदेश सरकार के खिलाफ होली पर पिचकारी बाजी की। पिचकारी बाजी की खबर जब भाजपा के बूथ अध्यक्ष भगेलू को पता चली तब उन्होंने भी कायदे से लाठी के जोर पर रामरूप का इलाज कर दिया। उधर यादव, मुस्लिम से रंग ङ्क रंग के उनकी यातना सहकर रामरूप टूट चुका था। घर में खाने को भोजन नहीं था तो बनिया की दुकान पर उधार समान लेने गया उधर ठाकुर साहब ने उस बनिया को मना कर दिया था उधार देने से। इन सभी से तंग आकर रामरूप छोटी गंगा में कूदने ही वाला था तभी फरिश्ता बन रावन मास्टर साहब आए और उन्होंने इसको बचा लिया।

इसके बाद रावन मास्टर साहब ने अपने ओहदे का इस्तेमाल करते हुए बोको हराम के फ्रीडम फाइटर्स की गैंग में शामिल करवा दिया यह कहते हुए कि तुझे इन सबसे बदला लेना हैं अब्दुल को छोड़ कर। वक्त बिता रामरूप की ट्रेनिंग पूरी तो हो गई लेकिन सीने में धधकती बदले की आग बुझ चुकी थी। उसे रंगों का व्यापार भा गया और रंगो के लिए जाना था इंडिया चला गया युगांडा । वहां जाकर रामरूप पाल बस गया और अपना नाम रोमेरियो रख लिया। ब्राह्मण, ठाकुर, यादव, मुस्लिमो के सामूहिक शोषण की वजह से रामरूप का पलायन हुआ दुसरे मुल्क में। वरना आज ये लड़का भारत में ब्राह्मणवाद के लिए खेल रहा होता । मूलनिवासी कोटे से होली पर आरक्षण मिलता सो अलग । दो दिन पहले मैने रामपाल का मुद्दा अखिल भारती होली हुड़दंग समिति के अध्यक्ष अखिलेश के पास उठाया तो उन्होंने बताया कि रामरूप ने पढ़ाई के दौरान 22 किलो कॉपियां कबाड़ी को बेची।ये वो कॉपियां थी जिन्हें बाबा साहेब ने अपने हाथों से इतिहास लिख कर भरा था । बेचते वक्त मोह से भर उठा था वह रामरूप । साहेब को अपनी पुरानी चीजों से बहुत लगाव हैं। जब नया इतिहास खरीदा था तब पुराने वाले को छोड़ नहीं पा रहे थे, कुल चार महीने लगे इन्हे नए किताब में अपना रेडीमेड रंगीन इतिहास डालने में। रामरूप ने कहा कि मैने 2025 के बाद कोई होली नहीं मनाया। ररामरूप ने बताया सोशल मीडिया को छोड़कर मेरा कोई सुनता नहीं । युगांडा में मुझे मेरे पुराने दोस्तों के साथ ही आनंद आता है। पता नहीं वो लोग मेरे पीठ पीछे क्या सोचते होंगे, बोलते होंगे मेरे बारे में नहीं पता। लेकिन मुझे उनसे बहुत लगाव हैं भले रोज किसी से बाते नहीं होती पर मन ही मन जिक्र जरूर करता हूँ। और भी होंगे मेरे जैसे लोग जिनसे पुरानी चीजें या लोग छूट ही नहीं पाते होंगे। मन के किसी कोने में आज भी अपनी यादों का डेरा बसाए टहल रहे हैं जेहन में। तो अब होली पर उनसे मिलने युगांडा जायेगा रामरूप रोमारियों बनकर क्यूंकि ब्राह्मणवाद से आजादी मिलेगी नहीं और मोनुवाद रंग लगाने में जातिवाद करता है। सबको मुंह से होली की शुभकामनायें।




## इल्जाम

एक इल्जाम
मेरे नाम आया है
न होते हुए भी मोहब्बत
सरेआम
मेरा नाम आया है।
मैं ढूंढता रहा
हर जगह खुद को ही
न जाने क्यों
फिर भी मेरा नाम
किसी ओर के साथ आया है।
लोग पूछते रहे मुझे
मेरे गम का कारण
और मैं हर गम में
खुदा तेरा नाम
हर बार लेता आये हूँ।



डॉ.राजीव डोगरा
कांगड़ा हिमाचल प्रदेश
(युवा कवि लेखक)





## फार्म-4
## (नियम 8 के देखिए)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : | कानपुर (यूपी) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | साप्ताहिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | बुद्ध प्रकाश साहू |
| क्या भारत का नागरिक है? | : | हां |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | X X X X X |
| पता- | : | 344, बगाही भट्ठा, टी.पी.नगर कानपुर नगर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | बुद्ध प्रकाश साहू |
| क्या भारत का नागरिक है? | : | हां |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | X X X X X |
| पता- | : | 344, बगाही भट्ठा, टी.पी.नगर कानपुर नगर |
| 5. सम्पादक का नाम | : | बुद्ध प्रकाश साहू |
| क्या भारत का नागरिक है? | : | हां |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | X X X X X |
| पता- | : | 344, बगाही भट्ठा, टी.पी. नगर कानपुर नगर |

मैं बुद्ध प्रकाश साहू एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 02 मार्च 2026 ह/- बुद्ध प्रकाश साहू
प्रकाशक

मैं बुद्ध प्रकाश साहू एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपरोक्त विवरण सत्य है।




# सर्व ब्राह्मण विकास परिषद ने किया सैकड़ों ब्राह्मण चिकित्सकों को सम्मानित

कानपुर। सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के द्वारा ब्राह्मण चिकित्सक सम्मान समारोह प्रदेश अध्यक्ष पं कौशल किशोर अवस्थी की अध्यक्षता में हुआ शुभारंभ। पूर्व सांसद पं सत्यदेव पचौरी ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि ब्राह्मणों को संगठित होकर अपनी ताकत का ऐहसास करना होगा।

पूर्व विधायक सतीश निगम ने कहा ब्राह्मण ही एक ऐसा वर्ग है समाज को दिशा देता है। प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी ने कहा कि ब्राह्मण समाज की रीढ़ की हड्डी है ब्राह्मणो ने सदैव समाज के उत्थान का कार्य किया है। ब्राह्मणो ने समाज को नई दिशा दी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पं कमल किशोर अवस्थी ने कहा ब्राह्मणों को राजनैतिक मोह छोड़ना होगा तभी ब्राह्मणों का उत्थान होगा। ब्राह्मण सदैव देश का नेतृत्व करता रहा है। परन्तु आज राजनैतिक क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है। अवस्थी ने कहा कि जो राजनैतिक दल श्री कृष्ण जी द्वारा जिस प्रकार सुदामा जी को सम्मान दिया था उसी प्रकार जो भी राजनैतिक दल ब्राह्मणों को सम्मान देगा ब्राह्मण चुनाव में उसी के साथ रहेगा।मुख्य अतिथि कुलपति विनय कुमार पाठक ने कहा ब्राह्मण सदैव समाज के सभी वर्गों का विकास करता रहा है। ब्राह्मणों को एक होकर सम्पूर्ण समाज का उत्थान करना चाहिए। ब्राह्मण चिकित्सक सम्मान समारोह में 91 ब्राह्मणों चिकित्सको को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से आलोक मिश्रा, संजीव मिश्रा, विनोद शुक्ला, संजय अवस्थी, कौशल किशोर अवस्थी, डा शरद बाजपेई, डा उमेश पालीवाल, डा एस के मिश्रा, डॉ मनोज दुबे, डा हेमंत मोहन, डा आरती मोहन, डा मीरा अग्निहोत्री, डा राजेश त्रिवेदी, डा आर एन द्विवेदी, डा धर्मेंद्र अवस्थी, सीमा गौतम, अंजलि तिवारी, तृप्ति मिश्रा आदि लोगो ने सम्बोधित किया।




# बूथ दिवस पर डीएम ने परखी हकीकत मतदाताओं से नाम जांचने की अपील



कानपुर। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित 'बूथ-दिवस' पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जय नारायण विद्या मंदिर स्थित बूथ संख्या 236 से 242 तथा कंपोजिट विद्यालय, पुराना कानपुर स्थित बूथ संख्या 296 से 305 पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़ी प्रक्रिया को परखा।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से प्राप्त आवेदनों की स्थिति जानी और निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन को निर्धारित समयसीमा में निस्तारित किया जाए। उन्होंने प्रकाशित आलेख्य सूची की उपलब्धता, फॉर्म-6 और फॉर्म-8 की स्थिति तथा मतदाताओं की उपस्थिति की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जाए।

उन्होंने मौके पर मौजूद मतदाताओं से संवाद कर अपील की कि वे अपना नाम सूची में अवश्य जांच लें और यदि कोई त्रुटि हो तो तत्काल आवेदन करें। बूथ पर पहुंचने वाले नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन देने और प्रक्रिया को सरल रखने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ईआरओ/एसीएम-6 आलोक कुमार गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।
























# लट्ठमार होली की धमक, फूलों की बरसात और गंगा आरती की आभा में सजा बिठूर का भव्य समापन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव का अंतिम दिन लोक संस्कृति, शास्त्रीय परंपरा और आस्था के अद्भुत संगम का साक्षी बना। दिनभर ब्रज, बुंदेलखंड और पंजाब की लोक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बनाए रखा, जबकि संध्या में पत्थर घाट पर हुई गंगा आरती ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पत्थर घाट पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां गंगा की आरती में सहभागिता की और पूजन किया।





समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय अध्यक्ष, विधानसभा सतीश महाना ने अपने संबोधन में बिठूर की ऐतिहासिक धरा को नमन किया। उन्होंने कहा कि बिठूर ऐतिहासिक धरती है। यह आध्यात्मिक-सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। बिठूर महोत्सव में विविधता में एकता देखने को मिली। अध्यक्ष ने विभिन्न कलाकारों को सम्मानित भी किया।

विधायक बिठूर अभिजीत सिंह सांगा ने बिठूर महोत्सव के प्रोत्साहन के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाराज जी की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिठूर के विकास में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का महत्वपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रमों के क्रम में गिरराज ब्रज लोक कला संस्थान के कलाकारों ने दीपक शर्मा के नेतृत्व में ब्रज की पारंपरिक होली का मंचन किया। राधा-कृष्ण और गोपियों के साथ फूलों से खेली गई होली ने फाल्गुनी उल्लास को जीवंत कर दिया। रंगों की उड़ान, पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों की स्वर लहरियों ने दर्शकों को उत्सव के भाव से जोड़े रखा। प्रस्तुति में बरसाने की लट्ठमार होली का भी मंचन किया गया। मयूर नृत्य और चरकुला नृत्य ने प्रस्तुति को प्रभावशाली आयाम दिया।

इसके बाद रमेश पाल की टीम ने बुंदेलखंड का प्रसिद्ध पाई-डंडा नृत्य प्रस्तुत किया। ढोल की गूंजती थाप, तेज लय और सामूहिक तालमेल ने वीरभूमि की शौर्य परंपरा को मंच पर साकार किया। दर्शकों ने प्रस्तुति की सराहना की।

पंजाब की परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हुए रुपिंदर सिंह एवं उनकी टीम ने मार्शल आर्ट 'गतका' का प्रदर्शन किया। तलवार और लाठी के सधे संचालन के साथ साहसिक करतबों ने कार्यक्रम में रोमांच जोड़ा। आंख में नमक डालने के बाद पट्टी बांधकर बर्फ की सिल्ली और नारियल पर आधारित प्रदर्शन ने विशेष आकर्षण पैदा किया।

शास्त्रीय संगीत में हरिहरपुर घराने के मोहन मिश्रा ने गायन प्रस्तुति दी। वहीं श्वेता वर्मा और उनकी टीम ने कत्थक की सधी हुई प्रस्तुति से कार्यक्रम को कलात्मक गरिमा दी। घुंघरुओं की लय और भावाभिनय की स्पष्टता ने दर्शकों को बांधे रखा।सांध्य सत्र में पत्थर घाट दीपमालाओं से आलोकित हो उठा। पंडित कालीचरण दीक्षित के नेतृत्व में गंगा आरती सम्पन्न हुई। वैदिक मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आरती के उपरांत बनारस घराने से जुड़े अंशुमन महाराज ने काशी रस वाद्यवृंद जुगलबंदी प्रस्तुत की। सरोद, सितार, सारंगी, बांसुरी और तबले की संगति में 'मसाने की होली' की धुन ने समापन को विशिष्ट सांगीतिक स्वर दिया।

## पिकिल बाल चैंपियनशिप का किया अजय कपूर ने उद्घाटन

कानपुर। पूर्व विधायक अजय कपूर ने सिग्ना स्पोर्ट्स वेनचर्स द्वारा इंडियन पिकिल बॉल संघ की पहली चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कपूर ने कहा कि पिकिल बॉल जैसे खेल युवाओं में फिटनेस, टीमवर्क और खेल भावनाओं को बढ़ावा देते हैं।सिग्ना स्पोर्ट्स वेंचर्स के पार्टनर वरुण भार्गव ने बताया कि लाजपत नगर में स्थित पिकिलस्पीन में दो इनडोर कर्वड कोर्ट है। जहां हर मौसम में 24 घंटे पिकिल बॉल खेला जा सकता है।टूर्नामेंट डायरेक्टर विशाल भार्गव ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया साथ ही खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद अमनदीप सिंह गंभीर, परमजीत सिंह भाटिया, लवी भाटिया, रिंकू भार्गव, विशाल भार्गव, वरुण भार्गव, शरद त्रिवेदी, अमित घई, जगदीश तिवारी, गिरीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन ने शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए क्षेत्र में किया पैदल भ्रमण



कानपुर। अपर पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अंजली विश्वकर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली आशुतोष कुमार सिंह द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली व मूलगंज के साथ पीएसी बल, दंगा-नियंत्रण उपकरण एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली एवं थाना मूलगंज क्षेत्र के चौक सर्राफा, मूलगंज बाजार, बिसाती बाजार, परेड चौराहा व अन्य संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र बाजारों में पैदल गश्त की गई।गश्त के दौरान कानून व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों/गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।



## होली पर उज्ज्वला बहनों को योगी सरकार का तोहफा

» जनपद 1,95,567 लाभार्थियों को मिला होली का तोहफा, खाते में पहुंचा नि:शुल्क सिलेंडर की सब्सिडी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की महिला लाभार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार ने निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल का उपहार दिया। शुक्रवार को लोकभवन, लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका सजीव प्रसारण बिठूर महोत्सव स्थल पर भी किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने कार्यक्रम को देखा और सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया।जनपद कानपुर नगर में वर्तमान में 1,95,567 उज्ज्वला लाभार्थी पंजीकृत हैं। इनमें एचपीसीएल के 58,208, बीपीसीएल के 41,935 और आईओसीएल के 95,424 उपभोक्ता शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वितीय चरण में जनवरी से मार्च के बीच एक सिलेंडर रिफिल पूर्णतया निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रति सिलेंडर उपभोक्ता मूल्य 868 रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 318 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है, जबकि शेष 550 रुपये की प्रतिपूर्ति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही है। इस प्रकार लाभार्थियों को एक रिफिल पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ेगा।बिठूर महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक गैस सिलेंडर एवं सब्सिडी का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुविधा से जुड़ी है। स्वच्छ ईंधन के उपयोग से धुएं से होने वाली बीमारियों में कमी आई है और परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

योजना के तहत केवल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पात्र लाभार्थियों को ही निःशुल्क रिफिल का लाभ मिलेगा। लाभार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक और प्रमाणित होना अनिवार्य है। यह सुविधा केवल 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर लागू है तथा डीबीसी कनेक्शन पर मान्य नहीं होगी। उपभोक्ता पहले निर्धारित मूल्य पर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके चार से पांच दिन के भीतर सब्सिडी की धनराशि सीधे उसके आधार प्रमाणित बैंक खाते में तेल विपणन कंपनी द्वारा स्थानांतरित कर दी जाएगी।।

# फर्रुखाबादः महिला की मौत पर बवाल

» सर्जरी के पर्याप्त उपकरण नहीं मिले, चिकित्सकों की डिग्रियों की होगी जांच

## डीएम के आदेश पर कुलवंती हॉस्पिटल सीज

» बीपीएस न्यूज

**फर्रुखाबाद। इटावाइबरेली हाईवे स्थित मसेनी चौराहा पर संचालित कुलवंती हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत के बाद रविवार को जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित परिजनों के सामने स्थिति नियंत्रण में लाना आसान नहीं रहा। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी मौके से चले गए थे, जिससे परिजनों का गुस्सा और बढ़ गया।**





लापरवाही में कुलवंती हॉस्पिटल सीज किया गया

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी रविंद्र कुमार ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर अस्पताल की गहन पड़ताल के निर्देश दिए। टीम ने अस्पताल की ऑपरेशन थियेटर (ओटी) सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। प्रारंभिक जांच में सर्जरी से संबंधित पर्याप्त उपकरण और मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं न मिलने की बात सामने आई।

जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी के आदेश पर कुलवंती हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। सीएमओ ने बताया कि जांच कमेटी की विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों की शैक्षणिक डिग्रियों और पंजीकरण की भी जांच कराई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आसपास संचालित अन्य निजी अस्पतालों–नारायण हॉस्पिटल, स्वास्तिक हॉस्पिटल और महालक्ष्मी अस्पताल–की भी ओटी और व्यवस्थाओं की पड़ताल की। अधिकारियों का कहना है कि जिले में बिना मानक के संचालित किसी भी निजी अस्पताल को बख्शा नहीं जाएगा।

सीएमओ ने आम जनता से अपील की कि गंभीर स्थिति में मरीजों का उपचार जिला अस्पताल या सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में कराएं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। कुलवंती हॉस्पिटल में भर्ती सभी मरीजों को सुरक्षित रूप से लोहिया जिला अस्पताल, फर्रुखाबाद में शिफ्ट कर दिया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।इधर, महिला की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। प्रशासन का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक की जोरदार टक्कर, एक की मौत और दो गंभीर घायल, चालक-परिचालक फरार

» बीपीएस न्यूज

कन्नौज। सौरिख में एक्सप्रेसवे पर ट्रक और बस की भिड़ंत में ट्रक परिचालक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए हैं। बस में सवार 80 यात्री बाल-बाल बचे, जिन्हें पुलिस ने अन्य माध्यमों से आगे भेजा।

कन्नौज जिले के सौरिख थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे सुबह के समय 80 सवारी से भरी अंकुश ट्रैवल्स की स्लीपर बस चंडीगढ़ से गोरखपुर जाते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक में बैठे चालक व परिचालक और बस में बैठी एक सवारी घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारियों ने घायलों को सीएचसी और तिर्वा मेडिकल कॉलेज मैं उपचार के लिए भेजा। यहां ट्रक परिचालक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

बस में बैठी सवारियों को अन्य वाहनों से अपने गंतव्य को पहुंच रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार की सुबह साढ़े छह बजे अंकुश ट्रैवल्स का चालक नाम पता अज्ञात चंडीगढ़ से 80 सवारियों को लेकर गोरखपुर जा रहा था।

तभी थाना क्षेत्र सौरिख के ग्राम नगला बीरभान के सामने किलोमीटर संख्या 157+50 पर राजस्थान के जिला अलवर निवासी शाकिर पुत्र अशरफ गुजरात से मार्बल भरकर बंगाल जा रहा था।

### ट्रक की आगे जा रही बस से जोरदार टक्कर

साथ में दूसरा चालाक नफीस पुत्र अज्ञात निवासी अलवर राजस्थान ट्रक के केबिन में लेटा था। तभी पीछे से ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से ट्रक चलाते हुए आगे जा रही बस में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। बस के पिछले हिस्से में टकराकर ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बस में बैठी एक सवारी अंगेश कुमार पुत्र हरि नारायण निवासी कुशीनगर और ट्रक का चालक शाकिर और ट्रक केबिन में बैठे नफीस गंभीर रूप से घायल हो गए।



बस की सवारियों को अन्य वाहनों से भेजा गयासूचना पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह, हाईवे की सेफ्टी टीम, एम्बुलेंस और थाना पुलिस ने अंगेश व शाकिर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख मैं भेजा गया। वहीं, क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसे परिचालक नफीस को ट्रक केबिन को काट काट कर निकाला गया और गंभीर हालत में उपचार के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां उपचार के दौरान नफीस की मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद बस के चालक व कंडक्टर मौके से फरार हो गए। बस की सवारियों को अन्य वाहनों से भेजा जा रहा है।

# शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कानपुर नगर में बलवा ड्रिल का आयोजन





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। आगामी त्यौहारों होलिका दहन, होली एवं ईद के दृष्टिगत जनपद में शांति, सौहार्द एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में रिजर्व पुलिस लाइन, कानपुर नगर में बलवा ड्रिल का व्यापक अभ्यास कराया गया।

किसी भी संभावित आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने एवं जनपद में शांति तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया का अभ्यास कराया गया।

सेन्ट्रल जोन के समस्त थानों से आए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण की मानक कार्यप्रणाली के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। भीड़ नियंत्रण, क्षेत्र की घेराबंदी, उपद्रवियों की पहचान एवं विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत गिरफ्तारी की कार्यवाही का चरणबद्ध प्रदर्शन किया गया।

अश्रु गैस, रबर बुलेट, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, शील्ड आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों के सुरक्षित एवं नियंत्रित प्रयोग का अभ्यास कराया गया। वायरलेस संचार प्रणाली के माध्यम से आपसी समन्वय, सूचना आदान-प्रदान एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के त्वरित अनुपालन का प्रशिक्षण दिया गया। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने, नियमित गश्त एवं फ्लैग मार्च सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा उपस्थित पुलिस बल को संबोधित करते हुए कहा गया कि त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सर्वाइकल वैक्सीन से बच्चेदानी में हो रहे कैंसर से मिलेगी निजात

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्कर से वैक्सीन को किया लॉन्च





» बीपीएस न्यूज

फर्रुखाबाद। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सर्वाइकल वैक्सीन के बारे में जानकारी दी गई द्य इस सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि इस वैक्सीन से महिलाओं की बच्चेदानी में हो रहे कैंसर रोग से निर्जात मिलेगी , उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पुष्कर क्षेत्र से इस वैक्सीन को लॉन्च किया गया है उनका मुख्य उद्देश्य कम उम्र के बच्चियों में यह बीमारी पनप रही है जिस के चलते जेनरेशन में दिक्कतें आ रही हैं उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन का प्रयोग करने से इस समस्या से निजत ही नहीं मिलेगी बल्कि जेनरेशन में भी वृद्धि होगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम ने बताया कि सर्वाइकल वैक्सीन का मतलब है सर्वाइकल नहीं बल्कि महिलाओं के बच्चेदानी में हो रहे कैंसर इलाज के लिए इसको तैयार किया गया है उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन का प्रयोग करने से महिलाएं स्वस्थ रहेंगी।

।। जय व्यापारी ।।
।। जय व्यापार मण्डल ।।
एक्सप्रेस रोड, व्यापार मण्डल की तरफ से सभी कानपुर नगर वासियों को होली व गंगा मेला पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
हाजी इखलाक मिर्जा
वरिष्ठ महामंत्री
मो. 9839104092

कानपुर नगर वासियों को होली व गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोयोग फार्मेसी
सभी प्रकार की दवा उचित रेट में मिलती है।
DRx Bablu Prajapati
Reg No. 109052
130/17 बागाही भट्टा, टी.पी. नगर, कानपुर मो:- 9118605090

सभी नगर वासियों को होली व गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता मेडिकल्स
स्टाकिस्ट :-मैकल्याइस, एबोट, टोरेंट, डाक्टर रेड्डी, शीगल, एफडीसी, लुपिन, कैडिला, सन आदि
प्रोपराइटरः- राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता
मोबाइल नंबरः-9336233789
शाप नंबर-3 रामजानकी मार्केट 59/55 बिरहाना रोड कानपुर

सभी नगर व देशवासियों को होली व गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता ब्रदर्स एजेंसीज
स्टॉकिस्ट - मैक्ल्याइस, एबोट, टोरेंट, डॉक्टर रेड्डी, शीगल, एफडीसी, लुपिन आदि
प्रोपराइटर: प्रेरणा गुप्ता मो. नंबर 9415738023
शॉप नंबर 6 फर्स्ट फ्लोर, राम लक्ष्मण जानकी मार्केट, 59/55 बिरहाना रोड, कानपुर

# बिठूर महोत्सव के दूसरे दिन कर्ण की गाथा और कवि सम्मेलन की गूंज.. ठहाकों से गूंजा बिठूर महोत्सव







बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिठूर महोत्सव का दूसरा दिन सांस्कृतिक विविधता और साहित्यिक गरिमा से परिपूर्ण रहा। सुबह 'बैटल ऑफ बैंड्स' और 'कानपुर गॉट्स टैलेंट' से शुरुआत हुई, जबकि शाम ढलते ही प्रांगण कर्ण की गाथा और कवि सम्मेलन की गूंज से जीवंत हो उठा। दिनभर चले कार्यक्रमों ने दर्शकों को बांधे रखा।

मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन और पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंडलायुक्त ने कहा कि बिठूर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को ऐसे आयोजनों से नई पहचान मिल रही है। स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध होना सकारात्मक संकेत है।

श्रीराम कला केंद्र द्वारा महाभारत के अमर नायक कर्ण पर आधारित एक घण्टा दस मिनट के डिजिटल नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। बिना संवादों के हाव-भाव, देह-भाषा, प्रकाश और संगीत के माध्यम से कर्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। अभिनय और तकनीकी संयोजन को सराहना मिली। कर्ण के जन्म से मृत्यु तक की जीवंत तस्वीर उकेरी। कर्ण का किरदार टुल्लू मुर्मू तथा कुंती की भूमिका रितुपर्णा दास ने निभाई। सीडीओ दीक्षा जैन ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया।

इसके बाद आयोजित कवि सम्मेलन में दिनेश बावरा, प्रताप फौजदार, शम्भु शिखर, स्वयं श्रीवास्तव, राव अजातशत्रु, मणिका दुबे, गौरव चौहान, हेमंत पाण्डेय, संदेश तिवारी और अजय अंजाम सहित 11 कवियों ने काव्य पाठ किया। हास्य और व्यंग्य से सजी प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। प्रसिद्ध कवयित्री मणिका दुबे ने सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन का प्रारंभ किया। कवि संदेश तिवारी ने कि कोई मौसम नहीं हूं मैं कि अगर जो गुजर जाऊं और जमाना भूल न पाए कोई ऐसा काम कर जाऊं ने जमकर तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन के दौरान विधायक अभिजीत सिंह सांगा, एमएलसी अरुण पाठक, एसडीएम/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह सहित दर्शकों का हुजूम मौजूद रहा।

इससे पहले दिन में आयोजित 'बैटल ऑफ बैंड्स' में तरंग बैंड, छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय की टीम, इंक्लिनेशंस बैंड, द हैंक्स, अनिकेत मेसी एंड टीम और रिदम ग्रुप ने प्रस्तुति दी। 'कानपुर गॉट्स टैलेंट' में गायन, नृत्य और कविता की प्रस्तुतियों ने युवाओं की प्रतिभा को मंच दिया।

चित्रकला प्रतियोगिता में रवि प्रताप सिंह प्रथम, अमरजीत द्वितीय और प्रेम सिंह तृतीय रहे। क्विज प्रतियोगिता में डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर के अश्विन सिंह और सम्राट सिंह प्रथम, सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर के मेहरजोत सिंह व अशोक दुबे द्वितीय तथा बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के यश गौतम तृतीय स्थान पर रहे।

कानपुर नगर वासियों को होली व गंगा मेला पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
प्रभू फोम हाउस
क्वायर एवं फोम मैट्स, कुशन, मसनद तकिया, पी.यू. फोम, सोफे व पर्दे के कपड़े, कम्बल, बेडसीट्स व रजाई के विक्रेता
133/169 एम-ब्लाक, मेन रोड, साइड नं01, किदवई नगर, कानपुर
मो. 9415484686, 6388580286

सभी कानपुर नगर वासियों को होली व गंगा मेला पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
माँ मेडिकल स्टोर
प्रो. आदित्य कुमार
1730/23 दयालपुरम् नई बस्ती, लालपुर, कानपुर
मो. : 8303129154

Happy Holi
SIGNA GROUP OF COLLEGES
SIGNA
CAMPUS: KISSAN NAGAR, (Near Sachandi Thana) KANPUR
Attractive Scholarships available
OUR PRIDE
1st College in U.P. Run By Pharma Industries
BBA & BCA
MBA & MCA
B. Com
B.Sc. NURSING
A.N.M.
G.N.M
D.PHARMA
B. PHARMA
M. PHARMA
Dr. Vishal Bhargava- Director | Dr. Saurabh Bhargava - Director
City Office : Factory Area, Fazalganj (Near Tripati Hyundai Workshop) Kanpur
7800004774
7800004777
Our own Pharma Industries
Signa Pharma
Idealife Healthcare
Gracure Pharma
Diligent Healthcare
SP Biotech
Rosch Remedies
Cooper Pharma
XL Labouratories
Cyper Pharma

# ऑफिस में बैठकर काम करने से बढ़ गया है पेट

## » ऐसे करें कंट्रोल, नहीं तो पड़ सकता है पछताना



**अगर आप ऑफिस या फील्ड में लंबे समय तक काम करने वाले वर्कर्स हैं, ऐसे में आप वजन को कम करना चाहते हैं, तो अब आप आसानी से वजन को कम कर सकते हैं। लगातार बैठे रहना, अनियमित भोजन और जंक फूड की आदतें वजन बढ़ाने के मुख्य कारण हैं। बायोमेड सेंट्रल  के एक अध्ययन बताता है कि लोग सेडेंटरी काम करते हैं यानी ऑफिस में बैठकर काम करते हैं उनमें पेट की चर्बी होने की संभावना अधिक हो जाती है। अगर आप नियमित रुप से हेल्दी आदतें को अपनाएंगे तो वजन को कम करने बेहद आसान हो जाएगा। आइए आपको बताते हैं कैसे करें वजन को कम।**

### हेल्दी स्नैक्स को चूज करें

अगर लंबी ड्यूटी करते समय आपको भूख लगे तो आप भी जंक फूड का सेवन करते हैं, तो नट्स, फल, दही या ओट्स जैसे हेल्दी स्नैक्स लें। फिटनेस कोच ने बताया कि हेल्दी स्नैक्स लंबे समय तक पेट को भरा रखते हैं और शुगर क्रेविंग को कम करेंगे और कंट्रोल करेंगे। हेल्दी स्नैक्स का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती हैं।

### छोटे वर्कआउट्स करें

लॉन्ग टाइम वर्क के दौरान आप कम से कम 10-15 मिनट के छोटे वर्कआउट्स कर सकते हैं। यह स्ट्रेचिंग, स्कवैट्स, वॉक या हल्की कार्डियो एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती है और कैलोरी बर्निंग प्रक्रिया को बढ़ाते हैं। इसलिए छोटे ब्रेक आपके लिए शरीर और दिमाग दोनों को रिफ्रेश करते हैं और लंबी जॉब के दौरान बैठकार काम करने से नुकसान को कम करते हैं।

### पर्याप्त पानी पिएं

लंबी ड्यूटी के समय अक्सर लोग पानी पीना नज़रअंदाज कर देते हैं।

जबकि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से भूख पर नियंत्रण रहता है, मेटाबॉलिज़्म बेहतर होता है और शरीर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं।

फिटनेस कोच के अनुसार, पानी और हर्बल टी जैसे हेल्दी पेय दिनभर शरीर में ऊर्जा बनाए रखते हैं और बार-बार स्नैक्स खाने की इच्छा को कम करने में मदद करते हैं।

### माइंडफुल ईटिंग

लंबी शिफ्ट वाली नौकरी के दौरान अक्सर हम जल्दी में या कंप्यूटर और फोन के सामने खाते हैं। इस दौरान शरीर को यह कभी भी संकेत नहीं मिल पाता कि पेट भरा है। हर बाइट पर ध्यान देना जरुरी है, इसलिए धीरे-धीरे खाएं और भूख लगने पर ही स्नैक्स लें। इससे ओवरईटिंग कम होती है और कैलोरी कंट्रोल करने में मदद मिलती हैं।

### नियमित ब्रेक लें

पूरे दिन बैठे रहने वाली नौकरी करने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है।

प्रत्येक 1-2 घंटे में 5 मिनट का छोटा ब्रेक जरुर लें। इसके अलावा, आप खड़े होकर हल्की स्ट्रेचिंग या थोड़ी वॉक जरुर करें।

ऐसा करने से कैलोरी बर्निंग प्रक्रिया बढ़ती है, साथ ही ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है और लंबे समय तक  एनर्जी भी बनीं रहती है।

# आलू के चिप्स न तो काले पड़ेंगे और न ही टूटेंगे

होली का त्योहार रंग और तरह-तरह पकवान के लिए जाना जाता है। चिप्स-पापड़ के बिना होली का त्योहार भी अधूरा लगता है। जैसे ही धूप तेज होने लगी है लोगों की छतों पर आलू के चिप्स सूखते हुए नजर आ जाते हैं। कई घरों में चिप्स-पापड़ बनने शुरु हो गए हैं। हर कोई आलू के चिप्स बनाते समय कुछ न कुछ गलती कर ही देता है। अक्सर होता है कि, जब चिप्स को उबालते हैं, तो यह टूटने लगते हैं। यदि आलू कद्दूकस करते समय खुला छोड़ दिया जाए, तो इनका रंग सफेद से काला हो जाता है। यदि आप पहली बार आलू के चिप्स बनाने जा रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए काफी मददगार साबित होगा।

चिप्स बनाने के लिए किस तरह के आलू चूनें?

अगर आप आलू चिप्स बनाने जा रहे हैं, तो सही आलू का चुनाव करना बहुत ही जरुरी होता है। यह एकदम सच है कि चिप्स अच्छे तभी बनेंगे जब आलू का सही चयन किया गया हो।चिप्स बनाने के लिए हमेशा पुराने आलू का चुनाव करें।दरअसल, नए आलू में स्टार्च अधिक होता है, जिससे चिप्स काले या लाल पड़ जाते हैं।

आलू बड़े साइज के और बिना दाग-धब्बे वाले होने चाहिए।आलू का चिप्स बनाने का आसान तरीका

आलू को छीलने के बाद तुरंत ही इसे पानी से भरे बर्तन में डालें।चिप्स को काटते समय भी स्लाइस को सीधे पानी में ही गिरने दें। चिप्स को काटने के बाद इनमें 4 से 5 बार साफ पानी से तब तक धोएं, जब तक कि पानी बिल्कुल साफ न दिखने लगे।जब चिप्स को पानी में भिगोते हैं तो उस समय एक छोटा टुकड़ा फिटकरी का डाल दें।आलू को पानी से निकलने के बाद एक बड़े भगोने में पानी उबालें और इसमें नमक मिलाएं।जब पानी उबलने लगे, तब चिप्स डालें। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि चिप्स को लेवल 70त्न से 80त्न ही पकाना है।अगर आप इन्हें पूरी तरह गला देंगी तो, तो फैलाते समय ये टूट सकते हैं। चिप्स अच्छी तरह तैयार हुए हैं या नहीं, इसकी जांच करने के लिए एक टुकड़ा लें और उसे



अपने नाखून से हल्का दबाकर देखें। अगर वह सख्त और कुरकुरा महसूस हो, तो समझिए चिप्स ठीक से बन गए हैं।

यदि यह आसानी से कट रहा है लेकिन मैश नहीं हो रहा, तो उसे तुरंत छान लें।

# बढ़ जाता है हार्ट अटैक का खतरा

## शरीर के इन संकेतों को ना करें इग्नोर



**आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, खराब खान-पान और बढ़ता तनाव दिल की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण बन गया है। पहले माना जाता था कि हार्ट अटैक केवल बुजुर्गों को आता है, लेकिन अब युवाओं में भी इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हार्ट अटैक तब आता है जब ह्रदय की मांसपेशियों के एक हिस्से में ब्लड का सर्कुलेशन कम होने लग जाता है।**

**अक्सर शरीर हमें हार्ट अटैक आने से पहले कुछ संकेत देता है, जिन्हें हम सामान्य थकान या गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यही लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। आइए हम आपके इस लेख में विस्तार से हार्ट अटैक से पहले के संकेत के बारे में जानते हैं।**

### सीने में बेचैनी और दबाव

यह हार्ट अटैक का सबसे सामान्य लक्षण माना जाता है।  इसमें सीने के बीचों-बीच भारीपन, जकड़न या दबाव महसूस होता है। यह दर्द कुछ मिनटों तक रह सकता है या रुक-रुक कर हो सकता है। इसे अक्सर लोग 'एसिडिटी' समझ लेते हैं, लेकिन अगर यह दबाव बना रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### शरीर के अन्य अंगों में दर्द होना

हार्ट अटैक का दर्द सिर्फ सीने तक सीमित नहीं रहता है। यह अक्सर आपके बाएं हाथ, कंधों, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। यदि आपको अचानक शरीर के ऊपरी हिस्से में बिना किसी कारण के दर्द महसूस हो, तो यह खतरे की घंटी हो सकती है।

### सांस लेने में तकलीफ होना

अगर आपको बिना किसी भारी काम के सांस लेने में दिक्कत हो रही है या सीने में भारीपन के साथ सांस फूल रही है, तो इसे नजरअंदाज न करें। कई बार यह लक्षण सीने में दर्द होने से पहले भी दिखाई दे सकता है। इसलिए इन संकेतों को नजरअंदाज न करें।

### ठंडा पसीना आना और चक्कर आना

बिना किसी मेहनत के अचानक आपको ठंडा पसीना आना हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। इसके साथ ही अगर आपको चक्कर आ रहे हों या सिर हल्का महसूस हो रहा हो, तो यह संकेत है कि आपके दिल तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पा रही है। इसलिए इस नजरअंदाज न करें।

### ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना

कई दिनों तक बिना वजह बहुत ज्यादा थकान महसूस होना, खासकर महिलाओं में, हार्ट अटैक का शुरुआती लक्षण हो सकता है। अगर आपको रोजमर्रा के छोटे काम करने में भी बहुत ज्यादा मेहनत लग रही है, तो अपना चेकअप जरूर कराएं।

### हार्ट अटैक के खतरे से बचने के लिए करें ये काम

**आप दिन में कम से कम 30 मिनट पैदल चलें या योग करें।**
**तेल-मसाले और बाहर के जंक फूड से दूरी बनाएं।**
**फल और हरी सब्जियों को डाइट में शामिल करें।**
**स्ट्रेस को कम करने के लिए पर्याप्त नींद लें और मेडिटेशन का सहारा लें।**
**यदि आपकी उम्र 30 से अधिक है, तो समय-समय पर ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराते रहें। इससे आपको पता चल जाएगा।**
**कोशिश करें कि डॉक्टर से अपना डाइट का चार्ट मांग लें और उसी हिसाब से खाना खाएं।**

# याद आती है राज साहब की वह होली: रणधीर

**फिल्म 'बरसात' के बाद बॉलीवुड के ग्रेट शोमैन राज कपूर ने आरके स्टूडियो में होली मनाना शुरू किया था जो यादगार बन गयी। उस आयोजन में फिल्म जगत की लगभग सभी प्रमुख हस्तियां शामिल होतीं। रंग के टैंक में डुबकी, मिठाई-ठंडाई, नाच-गाना और चुहलबाजी - होली मनाने का वो आत्मीयता भरा अंदाज एकदम जुदा था।**

**बॉलीवुड के ग्रेट शोमैन राज कपूर ने साल 1948 में मुंबई में आरके स्टूडियो की स्थापना की थी , जो हिंदी फिल्म उद्योग का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना। लेकिन इन दिनों वह भव्य आरके स्टूडियो धूल में मिल चुका है। बिल्डरों के हाथों बिक चुकी चेंबूर स्थित इस भव्य इमारत ने अपने अंदर ढेरों सुखद यादें समेट रखी हैं। उनमें से ही एक है आरके की चर्चित होली। कभी एक मुलाकात के दौरान बुजुर्ग हो चुके राज साहब के बड़े बेटे रणधीर कपूर ने उन्हीं यादों को शेयर किया था। पेश हैं होली के खास मौके पर उसी के कुछ अंश उन्हीं की जुबानी-**





### जेहन में हैं अमिट यादें

इस 2 जून को पापा को गए हुए 34 साल से ज्यादा हो जाएंगे। पर उनकी यादें मेरे जेहन में अमिट हैं। मैं उनका सर्वाधिक दुलारा बेटा था, एकमात्र ऐसा बच्चा, जो उनकी चीजों का इस्तेमाल कर सकता था। कोई भी त्योहार आते ही उनकी यादें बहुत कचोटती हैं।

### होली मनाने का अंदाज था जुदा

होली, दीवाली, गणपति उत्सव — हर त्योहार को वह भव्य ढंग से मनाते थे, ईद, क्रिसमस जैसे पर्व भी। लेकिन होली मनाने का उनका अंदाज एकदम जुदा था। उस दौर के मेरे कई मित्र आज भी आरके की होली को शिद्दत से याद करते हैं।

### आरके में शुरुआत हुई 'बरसात' के बाद

मेरी उम्र तब शायद तीन या चार साल रही होगी, जब उन्होंने फिल्म 'बरसात' की शानदार सफलता के बाद आरके में होली मनाने का रिवाज शुरू किया था। पहले इस होली में फैमिली फ्रेंड और करीबी दोस्त शामिल होते, मगर बाद में पापा जी ने इंडस्ट्री के कई परिचित लोगों को बुलाना शुरू कर दिया था। अमूमन उनकी होली सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक चलती थी। महिलाओं के साथ सिर्फ सूखे रंग से शालीनता के साथ होली खेली जाती थी। उन सबके ख्याल रखने की जिम्मेदारी मम्मी पर थी।

हम बच्चों की भी टोली होती थी, अमूमन शम्मी चाचू हमारा ख्याल रखते थे। तब होली मनाने में जो जोश था, वह अब न के बराबर मिलता है। कभी यहां की होली में छोटा-बड़ा कलाकार शरीक होता था।

### वो मस्ती, हुड़दंग शायद ही वापस आए

पापा जी की मृत्यु के दो साल पहले तक आरके में होली की रौनक बदस्तूर कायम थी। मुझे याद है, पापा जी अस्थमा से पीड़ित थे, फिर भी वह हमेशा पूरी तरह से रंग में डूबे रहते थे। बाद में जब उन्हें बहुत तकलीफ होने लगी, तो हमने आयोजन बंद कर दिया। अब वह मस्ती, वह हुड़दंग हमारी होली में शायद ही वापस आ पाए।

### रंग के टैंक में डुबकी, मिठाई और नृत्य-संगीत

आरके की होली में रंगों से भरा एक बड़ा टैंक होता था। यहां आकर ज्यादातर मेहमान इसमें डुबकी लगाते थे। पापा जी, शंकर, जयकिशन, मुकेश, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी मस्ती में इसमें बैठे रहते थे। पापा जी तरन्नुम में होने के बावजूद हर छोटे-बड़े मेहमान से गले मिलते थे। नमकीन और मिठाइयां परोसी जाती थीं। खास ठंडाई होती थी। चुहल-बाजी, नृत्य-संगीत का दौर भी चलता रहता था। शास्त्रीय नृत्यांगना सितारा देवी पापा जी की होली का एक बड़ा आकर्षण होती थीं।

### रूठे दोस्तों को मनाने का इंतजार...

तब हम होली का इंतजार करते थे, ताकि उस दिन अपने कुछ रूठे हुए दोस्तों को मना सकें। हमारे सीनियर भी इसी बात का इंतजार करते थे। एक बार किसी फिल्म के सेट पर प्राण जी की शम्मी चाचू से कुछ कहा-सुनी हो गई थी। दोनों की बातचीत बंद थी। पापा जी ने शम्मी चाचू को समझाया। बस, होली के मौके पर शम्मी चाचू ने प्राण अंकल को रंग लगाकर गिले-शिकवे दूर किये।

# बिठूर में सांस्कृतिक महाकुंभ का आगाज यूफोरिया की धुन पर थिरके लोग





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। तीर्थनगरी बिठूर ने एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत कर दिया। तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक अभिजीत सांगा, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सरोज कुरील, एमएलसी सलिल बिश्नोई, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ दीक्षा ने स्वस्तिवचन के बीच दीप प्रज्वलन के साथ किया।

इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बिठूर की ऐतिहासिक धरा को नमन किया। उन्होंने कहा कि बिठूर अपनी सांस्कृतिक पहचान और पुराने गौरव के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास और प्रगति का नया दौर चल रहा है। ऐसे आयोजनों से बिठूर के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव को नई चेतना मिली है। उन्होंने कहा कि महोत्सव से कलाकारों को मंच मिलेगा और सांस्कृतिक परंपरा व विरासत अक्षुण्ण बनी रहेगी।

विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि बिठूर ऋषियों-मुनियों की धरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बिठूर विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

दीप प्रज्वलन के बाद अवधेश सिंह बावरा द्वारा रचित ÷जय हो धरा बिठूर, है धन्य धरा जहां कल-कल बहती मां गंगा धारा÷ शीर्षक बिठूर गीत की प्रस्तुति प्रणव सिंह ने की। गीत में बिठूर की ऐतिहासिक विरासत और आस्था का सशक्त चित्रण था।

इसके बाद भोपाल कत्थक समिति से जुड़ी प्रख्यात नृत्यांगना अनुराधा सिंह ने शास्त्रीय नृत्य की सधी प्रस्तुति दी। मंच पर भाव, लय और ताल का ऐसा संगम दिखा कि कुछ क्षणों के लिए पूरा परिसर शास्त्रीय रंग में डूब गया। उनकी भक्तिकटक और कलियामर्दन से जुड़ी प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

शाम ढलते ही मंच पर यूफोरिया बैंड की एंट्री के साथ कार्यक्रम का स्वरूप बदल गया। प्रमुख गायक पलाश सेन ने दर्शकों से संवाद करते हुए प्रस्तुति की शुरुआत की। जैसे ही ÷कभी आना तू मेरी गली÷ की धुन गूंजी, युवा दर्शक खड़े हो गए। मायरी और ÷आगे जाने राम क्या होगा÷ के दौरान पूरा पंडाल सुर में सुर मिलाता दिखा। मां तुझे सलाम गीत ने देशभक्ति से परिपूर्ण कर दिया।

गिटार, ड्रम और लाइव बैंड की ऊर्जा ने माहौल को रॉक कॉन्सर्ट में बदल दिया। रोशनी से चमकते प्रांगण में हजारों लोग एक साथ झूमते नजर आए। पलाश सेन ने बीच-बीच में बिठूर की ऐतिहासिक धरती का उल्लेख कर दर्शकों से सीधा जुड़ाव बनाया। कार्यक्रम देर रात तक उत्साह के साथ चलता रहा।

66 किस्म के फूलों ने खींचा ध्यान

महोत्सव परिसर में उद्यान विभाग की पुष्प प्रदर्शनी आकर्षण का बड़ा केंद्र रही। 66 प्रजातियों के फूलों ने रंगों की छटा बिखेरी। रेननकुलस, पिटूनिया, एस्टर, डेजी, फ्लोक्स, हेलीक्राइसस (पेपर फ्लॉवर), लाइनम और स्टॉक सहित कई प्रजातियों से बनी सजावटी आकृतियों के साथ लोगों ने सेल्फी लीं।

35 स्टॉलों पर सजी परंपरा और आधुनिकता

विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों सहित कुल 35 स्टॉल लगाए गए हैं। सजावटी सामग्री, रेडीमेड गारमेंट, पूजन सामग्री, लकड़ी के खिलौने, मिट्टी के बर्तन, पॉटरी, माटी कला उत्पाद, मसाले, ड्राई फ्रूट्स, कालीन और दरी की बिक्री ने बाजार जैसा माहौल बना दिया।



रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी ने युवाओं का ध्यान खींचा। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की बुलेटप्रूफ जैकेट, कॉम्बैट किट, मल्टी पर्पज किट, विशेष जूते और पानी शुद्धिकरण हाइड्रेशन सिस्टम को लोग करीब से देखते नजर आए। ग्लाइडर्स इंडिया के उत्पाद और आईआईटी की एआई प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।



## पेंशन सुरक्षा और कर्मचारी अधिकारों को लेकर भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ का राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय मजदूर संघ और सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के आह्वान पर भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ द्वारा पूरे देश भर में अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर एक विशाल लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभर के संगठित एवं गैरसंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए इकाई प्रमुख के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक विस्तृत मांग-पत्र सौंपा। सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के महासचिव मुकेश सिंह ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह आंदोलन केवल आर्थिक मांगों के लिए नहीं, बल्कि कर्मचारियों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है।मांग-पत्र की प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं पुरानी पेंशन की बहाली~ एनपीएस और यूपीएसको तुरंत समाप्त कर परिभाषित लाभ वाली पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। साथ ही ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन को ?1,000 से बढ़ाकर ?7,500 किया जाए। आउटसोर्सिंग पर रोक~ सरकारी कार्यों के अंधाधुंध निजीकरण और आउटसोर्सिंग को तुरंत रोका जाए। भत्ता और चिकित्सा सुविधा~ पेंशनभोगियों के लिए चिकित्सा भत्ता ?1,000 से बढ़ाकर ?5,000 किया जाए और ष्टत्र॥स् के तहत कैशलेस चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो। महासचिव ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार ने इन गंभीर मुद्दों पर शीघ्र ही उच्च स्तरीय हस्तक्षेप कर बातचीत शुरू नहीं की, तो आने वाले समय में संगठन और अधिक उग्र एवं निर्णायक आंदोलन की घोषणा करने को मजबूर होगा।

## खाद्य विभाग टीम ने पकड़ा 746 किलो मिलावटी पनीर, कराया गया नष्ट



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। बरेली से कानपुर नगर लाये जा रहे पनीर को कानपुर नगर की टीम ने चौबेपुर के पास पकड़ा प्रथमदृष्टया जांच में घटिया क्वालिटी एवं खराब रखरखाव पाये जाने पर नमूना संग्रहण के उपरांत 746 किलोग्राम पनीर नष्ट किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों पर बडी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मिलावटी खोये और खाद्य तेल को पकडा। पनकी स्टेशन पर इटावा कानपुर पैसेंजर से आए 9 कुंतल खोये की जांच देख मजदूर माल छोड कर भाग गए। बदबूदार खोये को टीम ने नष्ट कराया है। वहीं सचेंडी में छापा मारकर 15894 किलो तेल की जांच में मिलावट पाई गई। खाद्य सुरक्षा डिपार्टमेंट ने तेल को जब्त किया है। दोनों स्थानों पर बात करें तो 29 लाख आठ हजार रुपए कीमत के खोये व सोयाबीन तेल पर कार्रवाई की गई है।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने बताया कि होली के मद्देनज़र विभाग सघन अभियान चलाया रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में रजनीश कुमार राय, अजय कुमार मौर्य, सोमनाथ कुशवाहा, अनिल कुमार यादव, संजय कुमार वर्मा और सारिका सिंह शामिल रहीं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि इटावा कानपुर पैसेंजर ट्रेन से लाया जा रहा खोया पनकी रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। ट्रेन से उतारकर कुछ मजदूर उसे स्टेशन के बाहर ला रहे थे, लेकिन टीम को देखकर मजदूर खोया छोड़कर फरार हो गए। पूछताछ करने पर किसी भी ने उक्त खोये पर अपना दावा नहीं किया।

टीम ने पाया गया कि खोया अत्यंत अनहाइजीनिक स्थिति में गंदे कपड़ों में लिपटा हुआ सड़क किनारे रखा था। उसमें से दुर्गंध भी आ रही थी। टीम द्वारा खोया को गोविंदनगर स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट पर ले जाया गया। जहां लगभग 9 कुंतल खोया को नष्ट किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 3,42,000 बताई जा रही है। इसके अलावा अलग अलग व्यक्तियों के खोये के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।

सचेंडी के श्री बिहारी जी ट्रेडर्स में निरीक्षण के दौरान अमृत, माया और सफारी ब्रांड (नेपाल से आयातित) सोयाबीन तेल भंडारित पाया गया। मौके पर फूड सेफ्टी ऑन व्हील द्वारा जांच कराने पर मिलावट के प्रथम दृष्टया संकेत मिलने पर लगभग 15,894 किलोग्राम खाद्य तेल जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 25,66,000 रुपए है।

वहीं बिल्हौर स्थित बूंदी निर्माण इकाई पर टीम ने छापेमारा कार्रवाई में पांच नमूने लिए। वहीं 898 किलो बेसन जब्त किया जिसका मूल्य 71840 है। रिफाइंड सोयाबीन तेल 58 किलो जब्त किया इसका मूल्य 8236 है। वहीं बूंदी वनस्पति और सूजी का नमूने लिए गए हैं।

## हाफिज़ फ़ैसल जाफ़री ने कुरआन पाक का पहला दौर किया मुकम्मल

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। बेबिस कम्पाउन्ड बासमंडी स्थित अल अमीर हाउस मे तन्ज़ीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के सदर व सुन्नी जमीयत उलेमा के नायब सदर मुहाफिज़-ए-नामूसे रिसालत हाफिज़ व क़ारी सैयद मोहम्मद फ़ैसल जाफ़री ने तरावीह मे कुरआन पाक का पहला दौर मुकम्मल किया इस मौक़े पर जशने तक्मीले कुरआन का जलसा हुआ जिसकी सदारत छोटी सराएं मस्जिद के पेश इमाम क़ारी सफदर रज़ा नूरी ने की कंघी मोहाल मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद आरिफ बरकाती ने खिताब फरमाते हुए कहा कि रमज़ानुल मुबारक का महीना बड़ा ही रहमतो व बरकतो वाला महीना है इस मुबारक महीने मे नफिल का सवाब फर्ज़ के बराबर और फर्ज़ का सवाब सत्तर गुना कर दिया जाता है बहुत से ऐसे भी लोग है जो इस मुबारक महीने का एहतिराम नही कर पाते रोज़ेदारो के सामने खुलेआम खाते पीते है उन लोगो को चाहिए कि तौबा करके इस मुबारक महीने मे ज्यादा से ज्यादा इबादत करे नमाज़ पढ़े कुरआन पाक की तिलावत करे और अपनी नेकियो मे इज़ाफा करे हाफिज़ आमिर अज़हरी, हाफिज़ अमान,शोएब वारसी, शब्बीर कानपुरी,हसनैन अली, मोहम्मद आसिफ ने बारगाहे रिसालत में नात व मनक़बद पेश की जलसा सलातो सलाम व दुआ के साथ खत्म हुआ जलसे के बाद शीरनी तक़सीम हुई कन्वीनर दानिश अहमद ने आए हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया इस मौक़े पर निसार अहमद,चांद मदारी,मोहम्मद राशिद,मोहम्मद फैज़ी,नूर याक़ूत,हयात ज़फ़र हाशमी, जावेद मोहम्मद खान,अदनान,वहीद भाई, ज़मीर खां,रिज़वान हुसैन,सैयद अफज़ल अली,मोहम्मद हारून, तारिक़ अरबा,मोहम्मद मोईन जाफरी आदि लोग मौजूद थे!

## सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने किए 10,108 चालान, सड़क हादसों में आई कमी

» जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

» रोड कटिंग के बाद रोड की मरम्मत न करने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियम सुझाव नहीं, जीवन रक्षा के नियम हैं। इनका पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। समीक्षा में सामने आया कि प्रवर्तन में बढ़ी सख्ती का सीधा असर दुर्घटनाओं के आंकड़ों में दिखाई दे रहा है।

जनवरी 2026 में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा 10,108 चालान किए गए। इनमें 6,297 ओवर स्पीड, 1,307 नो पार्किंग, 996 हेलमेट न पहनने और 938 विपरीत दिशा में वाहन संचालन के मामले शामिल रहे। इससे पहले नवंबर 2025 में 2,267 और दिसंबर 2025 में 3,202 चालान किए गए थे।

प्रवर्तन के समानांतर दुर्घटनाओं में भी लगातार कमी दर्ज की गई। नवंबर 2024 की तुलना में नवंबर 2025 में दुर्घटनाएं 34 से घटकर 26 रहीं। मृतकों की संख्या 19 से घटकर 14 और घायलों की संख्या 23 से घटकर 13 हो गई। दिसंबर 2024 में 57 दुर्घटनाएं थीं, जो दिसंबर 2025 में घटकर 37 रह गईं। जनवरी 2025 में 37 दुर्घटनाओं के मुकाबले जनवरी 2026 में यह संख्या घटकर 24 रह गई। मृतक 26 से घटकर 17 और घायल 23 से घटकर 9 हो गए। ओवर स्पीड और गलत दिशा में वाहन संचालन पर केंद्रित सख्ती से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

जनपद के क्रिटिकल कॉरिडोर पर महाराजपुर, चकेरी, नौबस्ता, गोविन्दनगर, गुजैनी, बर्रा, हनुमन्त विहार, पनकी, सचेण्डी, बिठूर, शिवराजपुर, चौबेपुर, बिल्हौर, अरौल, बिधनू, साढ़, घाटमपुर और सजेती सहित 18 थानों को शामिल करते हुए 20 विशेष टीमें गठित की गई हैं। चौबेपुर और घाटमपुर से दो-दो टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में एक प्रभारी उपनिरीक्षक और चार आरक्षी तैनात हैं। टीमों को स्पीड लेजर गन, बॉडी वॉर्न कैमरा, डेसीबल मीटर, ब्रेथ एनालाइजर, रिफ्लेक्टिव जैकेट, सर्च लाइट, लाउड हेलर, फर्स्ट एड किट और स्ट्रेचर जैसे उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे प्रवर्तन के साथ आपात स्थिति में त्वरित सहायता भी सुनिश्चित हो सके।

बैठक में सड़कों की गुणवत्ता और जवाबदेही पर भी कड़ा रुख अपनाया गया। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग से खुदी सड़कों की सूची मांगी गई। रावतपुर क्रॉसिंग से डबल पुलिया तक क्षतिग्रस्त सड़क के मामले में जल निगम/जलकल की रोड कटिंग पर नाराजगी जताते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। डीएम ने विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा की गई रोड कटिंग का ब्यौरा तलब किया।

नगर निगम के चीफ इंजीनियर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि महत्वपूर्ण बैठकों में जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। डीएम ने गोल्डन आवर में उपचार, राहवीर योजना और घायल को कैशलेस उपचार देने की योजना पीएम राहत के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा को दीर्घकालिक व्यवहार परिवर्तन से जोड़ा जाएगा। विद्यालयों के माध्यम से परिवारों तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और प्रत्येक माह विषय आधारित विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## आयकर कर्मचारी महासंघ, कानपुर रीजन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। आयकर कर्मचारी महासंघ, कानपुर रीजन का द्विवार्षिक चुनाव 16 फरवरी 2026 को संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी रंजीत कनौजिया ने भारी बहुमत से विजयी पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया। जिसका भव्य शपथ ग्रहण समारोह आज 24 फरवरी 2026 को आयकर भवन, सिविल लाइंस के प्रांगण में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण के साथ आयकर प्रशासन, आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ एवं आयकर कर्मचारी महासंघ के सर्किल एवं रीजन के वरिष्ठ पदाधिकारीगणों के साथ भारी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम चुनाव अधिकारी रंजीत कनौजिया द्वारा अध्यक्ष नवनीत शुक्ला एवं सचिव शिवेंदु श्रीवास्तव के साथ उपाध्यक्ष रजत सिंह चौहान, संयुक्त सचिव आनंद कुमार, वित्त सचिव अक्षत अवस्थी, सहायक सचिव शिवम पाल एवं रवि कुमार आदि पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी सदस्य हिमाली सिंह, शशांक गुप्ता, शिवांक सिंह, मयंक प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, अभिषेक सोनकर, अवनीश कुमार मिश्रा, विशाल कुमार पाल, नवीन कुमार वर्मा, सुमोध कुमार को शपथ दिलायी गई।इस शपथ ग्रहण समारोह में आईआरएस एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रधान आयकर आयुक्त शिवानी सिंह, उपाध्यक्ष शिवदान सिंह भदौरिया, आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ से शरद प्रकाश अग्रवाल, शांति भूषण मिश्रा, कुणाल श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, आयकर कर्मचारी महासंघ सर्किल के बृजेश कुमार, बृजेश बाजपेयी के साथ भारी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

## पंचायत दुकानों में हेराफेरी : प्रधान व तीन सचिवों को नोटिस

कानपुर। सचेंडी में पंचायत दुकानें आंवटन किसी के नाम थी और जांच में दुकानों का संचालन कोई और लोग करते मिले हैं।

किराया वसूली और अभिलेखों का मिलान किया गया तो उसमें भी अंतर मिला जिसपर सचेंडी में पंचायत प्रबंधन पर कार्रवाई की गई है। प्रधान के अतिरिक्त तीन सचिवों से भी जवाब तलब किया गया है और नोटिस दी गई है। सचेंडी ग्राम (ब्लॉक कल्याणपुर) में ग्राम पंचायत से निर्मित दुकानों के आवंटन और राजस्व प्रबंधन में पाई गई गंभीर अनियमितताओं पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीधे हस्तक्षेप करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। उनके निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार द्वारा कराई गई जांच में ग्राम निधि को 10,31,800 रुपये की राजस्व देनदारी सामने आई है। प्रकरण में ग्राम प्रधान उर्मिला देवी तथा तत्कालीन सचिव राकेश झा, शैली राठौर और सुशील वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार द्वारा की गई जांच में पाया गया कि वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 23 दुकानों के आवंटन में निर्धारित शर्तों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया। कई दुकानों पर मूल आवंटी के स्थान पर अन्य व्यक्तियों द्वारा संचालन पाया गया। निर्धारित किराया नियमित रूप से ग्राम पंचायत खाते में जमा नहीं कराया गया। रिपोर्ट में किराया वसूली और बैंक जमा अभिलेखों में अंतर दर्ज किया गया है। कुछ दुकानों का किराया अभिलेखों में शून्य अंकित था, जबकि मौके पर दुकानें संचालित मिलीं। किराया दरों का समयानुसार पुनरीक्षण नहीं किया गया। आवंटन पत्र, अनुबंध और शर्तों से संबंधित अभिलेख व्यवस्थित रूप से सुरक्षित नहीं पाए गए।जांच में पाया गया कि लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित पंचायत उद्योग भवन को आय सृजन के उद्देश्य से उपयोग में नहीं लाया गया। जिसके परिणामस्वरूप ग्राम निधि पर 10,31,800 रुपये की राजस्व देनदारी आई। पंचायत स्तर पर यह राशि महत्वपूर्ण मानी जाती है।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि पंचायत संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

# प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसजनों ने स्वामी अविमुक्केश्वरानंद सरस्वती पर लगे मुकदमे को बताया झूठा

कानपुर। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के ऊपर लगाए गए मुकदमे को झूठा और द्वेषपूर्ण बताते हुए कानपुर महानगर कांग्रेस ने अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुआई में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। शंकराचार्य पर अत्याचार बंद करो के जोरदार नारे लगाए। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा जा रहा है, जिसमें शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज मुकदमों को आधारहीन और फर्जी बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि यह संविधान में निहित मौलिक अधिकार का हनन है। और साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है।महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, हरीश बाजपई, सैमुअल लकी सिंह, अजय श्रीवास्तव शीलू, पदम मोहन मिश्रा, राम शंकर राय, रमा कांत मिश्रा, राकेश साहू, मुकेश दुबे, रवि तिवारी, राज किशोर वर्मा, मालिक अहमददुल्ला, मनोज दुबे, नीरज पांडे, आसिफ इकबाल, मो इम्तियाज, इकबाल अहमद, विजय शाह, गोविंद गुप्ता, मनोज अवस्थी, राज लक्ष्मी, विजय शाह, राजेश सविता, विनोद अवस्थी, मोहमद इंतियाज, देव राय, शाकिर अली आदि थे।




# शहर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में दिया गया मांग पत्र



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर के द्वारा किदवई नगर म्यूज़िकल फाउन्टेन में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा का रंग रोगन तथा आसपास फैली गंदगी सहित प्रतिमा पर छतरी निर्माण की मांग को लेकर नगर निगम कार्यालय जोन 3 स्थित अधिशासी अभियन्ता को मांग पत्र शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजीव मिश्रा की अगुवाई में दिया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक मिश्रा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। संजीव मिश्रा ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि अगर जल्द ही पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा की साफ सफाई ना कराई गई तो सैकड़ों कांग्रेसी धरना प्रदर्शन को बाध्य होगे। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज अवस्थी गुलाब सिंह पूजा भारद्वाज शरद के सी शर्मा राजीव पांडे राम लखन अवधेश त्रिपाठी ललित मोहन श्रीवास्तव राहुल संजय अवस्थी मोहित पाल सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।










# माध्यमिक शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी 3 मार्च को करेंगे सामूहिक उपवास



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।उ0प्र0मा0शिक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष एवं शिक्षक शिक्षणेत्तर संघ संयुक्त मोर्चे के संयोजक हरिश्चन्द दीक्षित ने एक विज्ञप्ति दी है। विज्ञप्ति के अनुसार होली के अवसर पर 20 फरवरी 2026 को दिए गए नोटिस के अनुसार शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर यह कार्यक्रम घोषित किया गया था तथा जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर की अधिनियम विरूद्ध कार्यवाहियों को उजागर करते हुए कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग से सदैव के लिए मुक्त करने की मांग की गई है।समस्याओं में प्रमुख रूप से ज्ञानभारती एम0एस0 इण्टर कालेज कानपुर के वरिष्ठ कर्मचारी शिवबहादुर यादव का उत्पीन समाप्त करते हुए अवरूद्ध वेतन का भुगतान करने फेयर कमेटी इण्टर कालेज मकनपुर कानपुर नगर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुबोध कुमार कटियार का तीन वर्ष का अवशेष वेतन का भुगतान करने, राम सहाय इं0का0 बैरी शिवराजपुर कानपुर नगर की प्रबन्ध समिति को भंग करते हुए वरिष्ठतम प्रवक्ता आरती यादव को प्रधानाचार्य का प्रभार दिए जाने एस0एन0सेन0 बालिका इं0 का0 माल रोड कानपुर की आधा सौकड़ा शिक्षिकाओं/ शिक्षणेत्तर कर्मियों के अवशेष का भुगतान करने, एस0एन0सेन डिग्री कालेज की प्रबन्ध समिति के सम्बन्ध में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर किए गए फर्जीवाड़ा की एफ0आई0आर0 दर्ज कराने, क्राइस्टचर्च इं0 का0 में की गई शिकायत की जांच कर रहे जांच अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए जाने, मोहन विद्या मन्दिर इं0 का0 गोविन्द नगर कानपुर एवं एस0एन0सेन बा0ई0का0 मालरोड कानपुर की प्रबन्ध समितियों द्वारा आस्तियों के अपव्यय करने के कारण प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने सहित अनेक समस्यायें नोटिस में संलग्न ज्ञापन में अंकित की गई का समाधान हेतु लम्बित है जिनका निराकरण किया जाना उल्लेखनीय है।
























### कानपुर की सूरत बदलेगी, कानपुर शहर आए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा

# अखिलेश यादव का बड़ा वादा, सरकार बनी तो कानपुर को बनाएंगे जाम मुक्त, डिप्टी सीएम पर भी साधा निशाना



**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर । अखिलेश यादव ने कानपुर दौरे पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए एनआरसी और किसानों के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने भरोसा जताया कि सपा सरकार आने पर कानपुर की सूरत बदलेगी।कानपुर शहर आए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार बनने कानपुर को सुंदर और जाम मुक्त बनाएगे। उन्होंने की भाजपा शंकराचार्य, फौजियों और किसानों का अपमान कर रही है। अखिलेश दुबे जल्दी जेल से बाहर आएंगे।अपनी कलम का कमाल दिखाकर दोषियों को सजा दिलाएंगे।

दोनों डिप्टी सीएम के सबंध में कहा कि वे किसी लायक नहीं है। एनआरसी के चक्कर में सबसे ज़्यादा हिन्दू कागज के लिए परेशान हैं। यादव तिलकनगर और आर्यनगर के निजी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## राजरतन समूह के 11 ठिकानों पर इनकम टैक्स का सर्वे, साड़ी शोरूम से लेकर फैक्टरियों तक जांच



**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आयकर विभाग ने राजरतन समूह के कानपुर और उन्नाव स्थित 11 ठिकानों पर सर्वे शुरू किया है। कपड़ा, रियल एस्टेट और डिटर्जेंट कारोबार से जुड़े इस समूह के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

कानपुर में कर चोरी की आशंका में आयकर विभाग की अलग-अलग टीमों ने बुधवार को राजरतन समूह के कानपुर, उन्नाव समेत 11 प्रतिष्ठानों पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की।

कानपुर के नयागंज, दालमंडी गुमटी नंबर-पांच, स्वरूप नगर, पी रोड, लाल बंगला स्थित साड़ी के शोरूमों में एक साथ कार्रवाई की गई।

यह समूह कपड़ा कारोबार के अलावा रियल एस्टेट और डिटर्जेंट और साबुन के कारोबार से भी जुड़ा है।

## अखिलेश दुबे की जमानत याचिकाओं की सुनवाई नहीं हो सकी पूरी, अब 11 मार्च को फिर लगेगी अदालत




**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर । रंगदारी और वक्फ संपत्ति फर्जीवाड़े के आरोपी अधिवक्ता अखिलेश दुबे की जमानत याचिकाओं पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई अधूरी रही। अब इस मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी ।कानपुर जेल में बंद अधिवक्ता अखिलेश दुबे के दो मुकदमों में जमानत याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई अब 11 मार्च को होगी। स्वरूप नगर निवासी कारोबारी सुरेश पाल ने किदवई नगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वर्ष 2022 में अधिवक्ता अखिलेश दुबे द्वारा साजिश के तहत उन्हें दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर ढाई करोड़ की रंगदारी वसूली ।वहीं परेड निवासी मोइनुद्दीन ने ग्वालटोली थाने में अखिलेश दुबे और अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट में फर्जी दस्तावेज बनाकर वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप लगाया था।

दोनों ही मुकदमों में सेशन कोर्ट से अखिलेश की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिकाएं दाखिल की गई हैं। मंगलवार को याचिकाओं पर सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

## कानपुर PSIT में बवाल- छात्र की मौत के बाद कैंपस बना अखाड़ा; शांति मार्च के बाद जमकर हुआ हंगामा और तोड़फोड़

### छात्र की मौत- छात्रों ने पहले निकाला शांति मार्च, फिर जमकर हुआ हंगामा और तोड़फोड़



कानपुर। मंगलवार को हादसे में छात्र की मौत के बाद पीएसआईटी में छात्रों ने जमकर तोड़फोड़ और हंगामा किया। छात्रों की मांग है

कि कॉलेज के समय में परिसर के भीतर निर्माण कार्य पर पूरी तरह रोक लगाई जाए ।कानपुर में पनकी स्थित पीएसआईटी कॉलेज में एक छात्र की दर्दनाक मौत के बाद बुधवार को माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। साथी छात्र की मौत से आक्रोशित हजारों छात्रों ने पहले कैंपस में शांति मार्च निकाला

, लेकिन देखते ही देखते यह प्रदर्शन उग्र हो गया। गुस्साए छात्रों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

छात्रों ने कैंपस के शीशे तोड़ दिए, गमले फेंक दिए और फर्नीचर को नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि कॉलेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है।

छात्रों ने मांग उठाई है कि सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक, जब कक्षाएं संचालित होती हैं। कॉलेज प्रबंधन

के खिलाफ जमकर नारेबाजीउस दौरान किसी भी तरह का निर्माण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और छात्रों को शांत कराने की कोशिश की।

कॉलेज में कई थानों की फोर्स को तैनात किया गया है।

## मौधा केंद्र पर परीक्षार्थी की जगह दूसरा युवक देने आया परीक्षा, गेट पर पकड़े जाने पर भगाया



**» बीपीएस न्यूज**

फर्रुखाबाद । उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की जिले के 79 केंद्रों पर इंटर व हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। बुधवार शक्ति सैनिक इंटर कालेज मौधा में इंटर की द्वितीय पाली में इंटर रसायन विज्ञान की परीक्षा थी।

डेढ़ बजे के परीक्षा केंद्र का आंतरिक सचल दल छात्रों की चेकिंग करके अंदर भेज रहे थे। इसी समय एक युवक ने प्रवेश पत्र दिखाया। आंतरिक सचल दल ने फोटो का मिलान किया, तो अलग निकला। पूछताछ करने पर उसने सच उगल दिया ।युवक ने अपने को कमालपुर का निवासी बताया। कहा कि वह नगला दलजीत सिंह निवासी छात्र के स्थान पर पेपर देने आया था। बाद उसे केंद्र से भगा दिया गया। वहां तैनात सिपाही ने मामले की जानकारी मोहम्मदाबाद कोतवाल को दी।

मौधा परीक्षा केंद्र पर 15 स्कूलों का सेंटर है। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रवेश पत्र में फोटो मैच न होने पर रोजाना ही परीक्षार्थियों को वापस किया जाता है। अन्य कागजात मंगवाए जाते हैं। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट के बाद भी परीक्षा केंद्र पर प्रवेश देते हैं। सॉल्वर पकड़ने की बात गलत है। मोहम्मदाबाद कोतवाल विनोद शुक्ला का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## फैक्टरी के लिए निकले युवक की संदिग्ध मौत, आखिरी कॉल में कहा था-काम पर



**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पनकी में फैक्टरी कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला है। भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि फोन पर ड्यूटी पर होने की बात कही थी। कुछ देर बाद ही शव मिलना साजिश की ओर इशारा करता है ।कानपुर में पनकी थाना क्षेत्र में सोमवार को फैक्टरी में ड्यूटी करने निकले युवक का रेलवे ट्रैक किनारे रक्तरंजित शव पड़ा मिला।

मंगलवार सुबह तक घर न लौटने पर युवक के परिजन पुलिस के पास पहुंचे, तो उन्होंने शव मिलने की जानकारी दी। मोबाइल पर फोटो दिखाकर युवक की पनका बहादुर निवासी कृष्ण (22) के रूप में शिनाख्त कराई ।बड़े भाई रामजी ने हत्या का आरोप लगाया है। उनके अनुसार सोमवार रात 10:10 पर कृष्ण से फोन पर बात हुई थी।

उसने बताया था कि वह फैक्टरी में नाइट ड्यूटी पर है। ऐसे में कुछ ही देर में वह रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंच गया। पनकी इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया ट्रेन हादसा लग रहा है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

## भारतीय वायुसेना में सार्जेंट की दुर्घटना में मौत पर परिवार को मिलेगा दो करोड़ का मुआवजा



**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय वायुसेना में सार्जेंट की दुर्घटना में हुई मौत पर परिजनों को एक करोड़ 58 लाख 90 हजार 275 रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उत्तरी के पीठासीन अधिकारी अरविंद कुमार उपाध्याय ने बीमा कंपनी को दिया है। कंपनी को मुकदमा दाखिल होने से भुगतान की तारीख तक सात प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। ब्याज सहित यह रकम लगभग दो करोड़ हो जाएगी ।उन्नाव के अहरौरा धानीखेड़ा निवासी योगेश सिंह 31 मई 2022 को मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल कानपुर के हरजिंदरनगर जा रहे थे। ऊंचगांव रोड पर गलत दिशा से आ रही कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी जिससे योगेश की मौत हो गई थी। योगेश भारतीय वायुसेना में सार्जेंट थे और 95 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पाते थे। अधिवक्ता ने बताया कि योगेश के परिवार में उनकी पत्नी अर्चना सिंह, 11 वर्षीय बेटी रुद्रांशी भदौरिया, योगेश की मां सुनीता देवी व पिता राजेश नारायण सिंह थे। चारों की ओर से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उत्तरी की अदालत में कार चालक लखनऊ के इंद्रानगर निवासी सचिन कुमार और कार की बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कं. लि. के खिलाफ वर्ष 2022 में वाद दाखिल किया गया था। आदेश के तहत मृतक की पत्नी को 68,90,275 रुपये क्षतिपूर्ति और संपूर्ण क्षतिपूर्ति राशि का ब्याज मिलेगा जबकि बेटी को 50 लाख और माता-पिता को 20-20 लाख रुपये दिए जाएंगे ।देश को हुई अपूर्णीय क्षतिअधिवक्ता ने कोर्ट में बहस के दौरान तर्क रखा कि दुर्घटना में मृतक योगेश भारतीय वायुसेना में सार्जेंट था। जिरह के दौरान कार चालक सचिन ने बताया था कि दुर्घटना में कार का टायर फट गया था। उसके बाद गाड़ी वहीं खड़ी करके वह घर चला गया था। योगेश को देखा तक नहीं था कि सिर्फ चोट लगी है या वह मर गया है। न तो एंबुलेंस को फोन किया और न ही पुलिस को सूचना दी थी। अधिवक्ता ने कोर्ट में तर्क रखा था कि योगेश की मौत से सिर्फ परिवार को ही नहीं बल्कि देश को भी क्षति हुई है।

## जन्म लेते ही नवजात बच्ची को फेंका सेंट्रल स्टेशन पर, रेलवे स्टाफ ने आरपीएफ की मदद से भेजा हैलट



**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर । सेंट्रल स्टेशन पर बुधवार को एक गंभीर नवजात बच्ची प्लेटफॉर्म पर मिली। रेलवे स्टॉफ ने उसे प्लेटफॉर्म पर देखा तो तुरंत डॉक्टर को बुलाकर जांच कराई। उसकी सांसे चल रही थी। आरपीएफ को सूचना देकर तुरंत बच्ची को हैलट भेजा गया जहां उसे एनआईसीयू में भर्ती कराया गया है। बच्ची की हालत अब स्थिर है। वेंडरों ने बताया कि एक महिला उसे लाल चादर में लपेट कर यहां फेंक गई थी। रेलवे के सीएमआई विनय अम्भी ने बताया कि बुधवार सुबह वह गश्त पर थे ।इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर- 2/3 पर पहुंचे तो लाल रंग के चादर में एक नवजात बच्ची बेंच के पास जमीन पर लेटी थी। आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई तो कोई नहीं बता सका कि बच्ची किसकी है। तभी कुछ वेंडर आए और बताया कि एक महिला पुल से उतरकर प्लेटफॉर्म पर आई और बच्ची को यहां लिटा कर कुछ देर खड़ी रही।

करीब दस मिनट बाद वह चली गई। इस पर रेलवे स्टाफ व प्लेटफॉर्म नंबर एक पर बने मधुराज हॉस्पिटल के इमरजेंसी मेडिकल रूम ईएमआर कर्मियों को सूचना भेजी गई। स्टॉफ की रीना शर्मा, नफीस अहमद और कामर्शियल डिपार्टमेंट के शंभू शाह मौके पर आए। नर्स ने बच्ची की जांच की तो धड़कन चल रही थी। इस पर आरपीएफ को सूचना दी गई और तुरंत बच्ची को हैलट भेजा गया। अस्पताल में उसे एनआईसीयू में भर्ती किया गया है। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची प्री-मेच्योर है और देखने से लग रहा है कि जन्म लेने के तुरंत बाद ही कोई उसे स्टेशन पर छोड़ गया ।कौन थी वह महिलापुलिस का कहना है कि आसपास के क्षेत्र में कई निजी अस्पताल हैं। आशंका है कि बच्ची के किसी निजी अस्पताल में जन्म लेने के तुरंत बाद ही कोई उसे सेंट्रल स्टेशन पर फेंक गया।

समय रहते इसकी जानकारी हो गई जिस वजह से बच्ची को तुरंत उपचार मिल गया और उसकी जान बच सकी। इसकी जांच कराई जाएगी कि बच्ची को कौन फेंक गया ।सीसीटीवी में बच्ची को फेंकते कोई नहीं दिखा है। उसकी हालत अब स्थिर है, मामले की जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि पता चल सके कि बच्ची को कौन फेंक गया। - एसएन पाटीदार, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी

# कानपुर में होगा बिठूर महोत्सव का भव्य शुभारंभ

### बिठूर महोत्सव की तैयारी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। बिठूर महोत्सव-2026 के आयोजन से पूर्व बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने नाना राव पेशवा स्मारक, बिठूर स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंच, प्रदर्शनी पंडाल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग, यातायात योजना, स्वच्छता तथा चिकित्सा सुविधा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं आपातकालीन सेवाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि महोत्सव की तैयारियां लगभग पूर्ण हैं और सभी विभागों द्वारा समन्वित रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।÷सनातन एवं संस्कृति का उत्सव÷ थीम पर आयोजित तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव का शुभारंभ आज 26 फरवरी को सायं 4:45 बजे प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन दिवस पर सायं 5:15 बजे भोपाल कथक समिति की प्रस्तुति आयोजित होगी। रात्रि 7:30 बजे डॉ. पलाश सेन एवं यूफोरिया बैंड का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जो प्रथम दिवस का प्रमुख आकर्षण रहेगा। महोत्सव 26 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा।

महोत्सव में रक्षा मंत्रालय के उपक्रमों की प्रदर्शनी, आईआईटी कानपुर की एआई एवं वीआर आधारित प्रदर्शनी, उद्यान विभाग का फ्लावर शो, सीएसजेएमयू के फाइन आर्ट्स विभाग की प्रदर्शनी तथा लोक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 27 फरवरी को स्थानीय प्रतिभाओं के लिए विशेष मंच तथा 28 फरवरी को शास्त्रीय एवं लोक प्रस्तुतियों के साथ गंगा आरती में महोत्सव का समापन होगा।




जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में सहभागिता करें तथा शांति, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग प्रदान करें। महोत्सव के दौरान कानपुर नगर से बिठूर तक रोडवेज बसों का विशेष संचालन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा।

# कल्याणपुर, आवास विकास में संत गाडगे महाराज की जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन







**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कल्याणपुर, आवास विकास-3, सेक्टर नंबर 9, नहर किनारे, कल्याणपुर कानपुर में संत गाडगे सामाजिक विकास समिति द्वारा संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीलिमा कटियार (विधायिका, कल्याणपुर विधानसभा) रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल बच्चा सोनकर (विधायक, बिल्हौर विधानसभा) उपस्थित रहे। अतिथियों ने संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

मुख्य अतिथियों का स्वागत पगड़ी एवं पताका पहनाकर आराधना कनौजिया (उपाध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा कानपुर उत्तर) एवं समिति अध्यक्ष चंद्रभान चौधरी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री कृष्ण दीक्षित (प्रदेश संयोजक, नमामि गंगे विभाग), अनूप कुमार चौधरी (अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा कानपुर उत्तर) अनीता चतुर्वेदी, वीरेंद्र दिवाकर (स्वामी भैया), राम नारायण गौतम (पार्षद वार्ड 23), वंदना परिहार( मंडल अध्यक्ष) बलवंत सिंह (मंडल अध्यक्ष) सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया तथा संत गाडगे महाराज जी के बताए

मार्ग—शिक्षा, स्वच्छता, समानता, समाज सुधार, एकता एवं मानवता—को अपनाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन आदर्शों को जीवन में उतारकर समाज और राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया जा सकता है।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन संत गाडगे सामाजिक विकास समिति द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष चंद्रभान चौधरी, महामंत्री विनोद कनौजिया, उपाध्यक्ष रामनारायण कुरील, कोषाध्यक्ष रमेश चंद कनौजिया, मंत्री महेश कुमार, प्रचार मंत्री बृजलाल, संगठन मंत्री शिवपाल दिवाकर, मीडिया प्रभारी रजत कुमार, विपिन कनौजिया कार्यकारिणी सदस्य, हंसराज कुरील एवं अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। आगामी होली एवं रमजान पर्व के अवसर पर आम जनमानस को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु जितेन्द्र प्रताप सिंह (जिलाधिकारी, कानपुर नगर) के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद कानपुर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 09 नमूने नियमानुसार संग्रहित किए गए।

रावतपुर गांव कानपुर नगर - पैकेज ड्रिंकिंग वाटर, घाटमपुर से मिल्क केक का नमूना संग्रहित। फजलगंज, कानपुर नगर-सिथित शबबरवाल कोल्ड स्टोरेज में भंडारित खोया 2357 किग्रा, मूल्य ?447050/- का खोया 4 नमूना संग्रहण कर सीज किया गया।खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे केवल मानक अनुरूप खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय करें। आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार की खाद्य मिलावट की सूचना तत्काल विभाग को उपलब्ध कराएं।जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद में सतत निरीक्षण एवं सघन अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आम नागरिकों की सेहत सर्वोपरि है और प्रशासन शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।




























# सेंसेक्स 1,068 अंक टूटा, निफ्टी भी 25500 के नीचे से बाजार में मचा हाहाकार

» बाजार में गिरावट के कारण क्या?

» मंगलवार को बाजार में क्या हुआ?

» गिरावट के दौरान किस सेक्टर पर क्या असर?



» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली । भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1068 अंक टूटकर 82,226 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी कमजोरी दिखी। आसान भाषा में समझें मंगलवार के दिन भारतीय सूचकांक क्यों हो गए धड़ाम।

मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। पिछले दो कारोबारी सत्रों से चली आ रही तेजी पर अचानक ब्रेक लग गया। वैश्विक स्तर पर व्यापारिक अनिश्चितताओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते असर ने निवेशकों के सेंटिमेंट को बुरी तरह प्रभावित किया।

बिकवाली के भारी दबाव के बीच 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,068.74 अंक या 1.28 प्रतिशत लुढ़ककर 82,225.92 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,359.93 अंकों तक की बड़ी गिरावट देखी गई थी। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 288.35 अंक या 1.12 प्रतिशत का गोता लगाकर 25,424.65 पर आ गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली का आलम यह था कि बीएसई पर 2,802 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। आईटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण बड़े आउटसोर्सिंग बिजनेस के प्रभावित होने और पारंपरिक सर्विस प्रोवाइडर्स के मार्जिन पर दबाव की आशंकाओं ने आईटी शेयरों की कमर तोड़ दी। फोकस्ड आईटी इंडेक्स 4.80 प्रतिशत और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंडेक्स 4.53 प्रतिशत तक टूट गए। निफ्टी में टेक महिंद्रा सबसे ज्यादा 6.6 प्रतिशत गिरा, इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस और टीसीएस जैसे दिग्गज शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

ग्लोबल ट्रेड टैरिफ का डर- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा व्यापार समझौतों पर दी गई चेतावनियों और संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा टैरिफ की रिपोर्टों ने वैश्विक व्यापार को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।

**अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ता तनाव**-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, दूतावास के कर्मचारियों की निकासी और क्षेत्रीय युद्ध की चेतावनियों ने निवेशकों में रिस्क (जोखिम) लेने की क्षमता को कम कर दिया है। इसी अनिश्चितता के बीच वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत बढ़कर 71.66 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

आईटी सेक्टर के इस दबाव का नकारात्मक असर रियल एस्टेट पर भी पड़ा, क्योंकि आईटी में छंटनी या तनाव से प्रॉपर्टी की मांग घट सकती है; नतीजतन रियल्टी इंडेक्स 2.61 प्रतिशत गिर गया। हालांकि, इस भारी गिरावट के बीच डिफेंसिव सेक्टर्स ने बाजार को कुछ सहारा दिया। मेटल, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, पावर और हेल्थकेयर जैसे सेक्टर्स हरे निशान में बंद हुए। एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में निवेशकों ने खरीदारी

# केरल के बहाने ममता का केंद्र पर प्रहार बंगाल नाम का अधिकार लेकर रहेंगे

**केरल के नाम को बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद पश्चिम बंगाल की सियासत में उबाल**

» बीपीएस न्यूज



कोलकाता। केरल के नाम को बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद पश्चिम बंगाल की सियासत में उबाल आ गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर बंगाल के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है।ममता बनर्जी ने इस घटनाक्रम को भाजपा और माकपा (सीपीएम) के बीच लिखित जुगलबंदी का परिणाम करार दिया। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर केरल को उसकी भाषाई पहचान के अनुरूप नाम बदलने का अधिकार मिल सकता है, तो पश्चिम बंगाल को बंगाल नाम से क्यों वंचित रखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने केरल की जनता को बधाई देते हुए स्पष्ट किया कि वे राज्यों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करती हैं, लेकिन बंगाल के मामले में केंद्र का रवैया हमेशा दमनकारी रहा है। उन्होंने कहा कि वर्णानुक्रम में वेस्ट बंगाल का नाम अंत में होने के कारण राज्य को प्रशासनिक बैठकों से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक उपेक्षा झेलनी पड़ती है। बंगाल के छात्रों को भी परीक्षाओं में इसी कारण पीछे बैठना पड़ता है।ममता ने सवाल उठाया कि जब राज्य विधानसभा ने सर्वसम्मति से तीन बार नाम परिवर्तन का प्रस्ताव पारित किया और केंद्र की आपत्तियों के बाद तीनों भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला) में एक ही नाम बंगालका संशोधित प्रस्ताव भेजा, तो उसे ठंडे बस्ते में क्यों डाल दिया गया? ममता बनर्जी ने तीखे लहजे में कहा कि जब चुनाव आते हैं तो भाजपा के नेता बंगाल शब्द का गुणगान करते हैं, लेकिन जब राज्य की संस्कृति और बौद्धिक पहचान को मान्यता देने की बारी आती है, तो वही दिल्ली की सरकार बांग्लादेश के साथ नाम की समानता का तकनीकी बहाना बनाकर अड़ंगा डाल देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल में भाजपा और सीपीएम की आपसी साठगांठ अब पर्दे के पीछे नहीं रही, बल्कि पूरी तरह जगजाहिर हो चुकी है। मुख्यमंत्री के अनुसार, केरल को मिली मंजूरी इसी पॉलिटिकल सेटिंग का नतीजा है, जबकि बंगाल की वाजिब मांग को बार-बार ठुकराया जा रहा है। संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का नाम बदलना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनभावनाओं और भाषाई गौरव से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने दृढ़ संकल्प दोहराते हुए कहा कि सरकारें बदलती रहेंगी, लेकिन बंगाल का नाम बदलने की यह लड़ाई वह आखिरी दम तक जारी रखेंगी।ममता बनर्जी ने चेतावनी दी कि केंद्र सरकार बंगाल की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करना बंद करे।

# केरलम' के नाम से जाना जाएगा केरल! मोदी कैबिनेट ने दी नाम बदलने की मंजूरी

» बीपीएस न्यूज



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। यह नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर सेवा तीर्थ में आयोजित मंत्रिमंडल की पहली बैठक थी।

वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 नामक विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के तहत विचार व्यक्त करने के लिए केरल राज्य विधानसभा को भेजेंगी।आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, केरल विधानसभा के विचार प्राप्त होने के बाद, भारत सरकार केरल का नाम बदलकर केरलम करने हेतु केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को संसद में प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रपति की अनुशंसा प्राप्त करेगी। केरल विधानसभा ने 24 जून, 2024 को केरल का नाम बदलकर केरलम करने का प्रस्ताव पारित किया था।प्रस्ताव में कहा गया था, केरल पिरवी दिवस भी 1 नवंबर को ही मनाया जाता है। इसमें कहा गया था, राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही मलयालम भाषा बोलने वाले लोगों के लिए संयुक्त केरल के गठन की प्रबल मांग रही है। लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम केरल ही दर्ज है।यह विधानसभा सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार तत्काल कदम उठाकर राज्य का नाम बदलकर केरलम करने की अपील करती है। इसके बाद, केरल सरकार ने केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार केरल का नाम बदलकर केरलम करने के लिए संविधान की पहली अनुसूची में संशोधन करने हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।संविधान के अनुच्छेद 3 में मौजूदा राज्यों के नामों में परिवर्तन का प्रावधान है। अनुच्छेद 3 के अनुसार, संसद विधि द्वारा किसी भी राज्य का नाम बदल सकती है।

# कृष्णागिरि रोड रेज कांड में डीएमके नेता का बेटा गिरफ्तार

» बीपीएस न्यूज

तमिलनाडु। तमिलनाडु के कृष्णागिरि जिले में रोड रेज की एक घटना ने सनसनी फैला दी है। सत्तारूढ़ डीएमके से जुड़े एक नेता के 20 वर्षीय बेटे को कथित तौर पर कार चढ़ाकर एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।मृतक शिवमूर्ति कृष्णागिरि में सहायक श्रम निरीक्षक थे। पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब आरोपी आदित्य अपनी कार से शिवमूर्ति के घर के पास से गुजर रहा था। घर के बाहर खड़े एक दोपहिया वाहन को हटाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।आरोप है कि बहस के दौरान आदित्य ने कार शिवमूर्ति, उनके बेटे किरुबाकरन, बहू अम्सावल्ली और पोती निलानी की ओर मोड़ दी। गंभीर रूप से घायल शिवमूर्ति ने बाद में दम तोड़ दिया, जबकि अन्य परिजन घायल हैं।किरुबाकरन ने आरोप लगाया कि आरोपी नशे की हालत में थे और उनके पिता विवाद को शांत कराने

# रांची से दिल्ली जा रही एयर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त,सात लोगों की मौत

झारखंड। चतरा जिले से एक हृदयविदारक खबर सामने आई। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एक एयर एंबुलेंस सिमरिया थाना क्षेत्र के घने वनक्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भीषण हादसे में विमान में सवार सभी 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, एयर एंबुलेंस ने शाम करीब 7-10 बजे रांची हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान का संपर्क टूट गया और यह चतरा के सिमरिया के पास जंगलों में जा गिरा। विमान में दो पायलट, मेडिकल टीम और मरीज समेत कुल सात लोग सवार थे। या, एयर एम्बुलेंस में सवार सभी सात लोगों की दुर्घटना में मौत हो गई। विमान रांची से दिल्ली जा रहा था। एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने बताया कि सभी सात लोगों के शव बरामद कर लिये गए हैं। उनकी पहचान कैप्टन विवेक विकास भगत, कैप्टन सवराजदीप सिंह, संजय कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, सचिन कुमार मिश्रा, अर्चना देवी और धुरु कुमार के रूप में हुई है।

**क्रिकेट की पिच पर खूनी खेल**

# 12 साल के खिलाड़ी को पीट-पीटकर मार डाला

» बीपीएस न्यूज



नई दिल्ली। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामले की गंभीरता से छानबीन शुरू की। तेजी से जांच करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपी नाबालिगों को पकड़ लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।दिल्ली में क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में एक 12 साल के बच्चे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### गर्दन और सिर पर आई गंभीर चोटें

यह विवाद मैदान में 12 साल के बच्चे और एक 15 साल के नाबालिग के बीच शुरू हुआ, जो जल्द ही गंभीर रूप ले लिया। 15 साल के नाबालिग ने अपने 17 साल के चचेरे भाई और उसके एक साथी को बुलाया। तीनों ने मिलकर 12 साल के बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट की।

बच्चे को गर्दन और सिर में गंभीर चोटें आईं। वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। परिवार वाले उसे तुरंत अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर हत्या का मामला दर्ज किया।

### पुलिस कार्रवाई

पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने मामले की गंभीरता से छानबीन शुरू की। तेजी से जांच करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपी नाबालिगों को पकड़ लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### घटना का विवरण

सोमवार शाम बच्चे मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान एक मामूली बात पर विवाद हो गया।

विवाद बढ़ने पर एक नाबालिग ने अपने साथियों को बुलाया। उन्होंने मिलकर बच्चे को बेरहमी से पीटा।

# सीएम योगी का सिंगापुर मिशन सुपरहिट, उत्तर प्रदेश को मिला 1 लाख करोड़ का निवेश



» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो दिनों में सिंगापुर की कंपनियों से उत्तर प्रदेश को 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें 60,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी शामिल हैं। सिंगापुर में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दो दिनों में हमें उत्तर प्रदेश में 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इसमें यहां हस्ताक्षरित 60,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन भी शामिल हैं। आज हम कई उद्योगपतियों से मुलाकात कर रहे हैं। आज रात हम जापान के लिए रवाना होंगे।योगी ने आगे कहा कि उन्होंने सिंगापुर में एक विश्व स्तरीय कौशल विकास केंद्र का दौरा किया और रोजगार क्षेत्र के उन मॉडलों का अध्ययन किया जिन्हें राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में लागू करने की योजना बना रही है। सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन, मुख्यमंत्री योगी ने आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमानन क्षेत्र में एक बड़े निवेश का अवलोकन किया। विमानन सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एआईएसएटीएस ने हवाई अड्डे पर 4,458 करोड़ रुपये के निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।इस निवेश का उपयोग आधुनिक कार्गो टर्मिनल परिसर और अत्याधुनिक एयर कैटरिंग किचन के विकास के लिए किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह कैटरिंग सुविधा न केवल जेवर से आने वाली उड़ानों को भोजन उपलब्ध कराएगी, बल्कि उत्तर भारत के अन्य हवाई अड्डों को भी भोजन की आपूर्ति करेगी, जिससे यह क्षेत्र एक प्रमुख विमानन सेवा केंद्र बन जाएगा। दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री ने एसएटीएस के अध्यक्ष और सीईओ श्री केरी मोक से मुलाकात की। उनकी उपस्थिति में, एसएटीएस लिमिटेड ने नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, जेवर में विश्व स्तरीय कार्गो परिसर के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए साथ ही ताज एसएटीएस एयर कैटरिंग किचन की स्थापना भी की, जो जेवर और उत्तर भारत के अन्य हवाई अड्डों को भोजन उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर्स के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ ब्रूनो लोपेज़ के साथ उत्तर प्रदेश के आईटी, औद्योगिक, विमानन और व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर भी चर्चा की।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का राहुल गांधी पर हमला, बोले- दंगे करवाना चाहते हैं मोहब्बत की दुकान चलाने वाले



» बीपीएस न्यूज

लखनऊ । यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करने वाले देश में दंगे करवाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को नीचा दिखाना चाहते हैं। कांग्रेस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टारगेट करना अब एक फैशन बन गया है। दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनिया भर से प्रतिनिधि आए थे। कांग्रेस के लोगों का नग्न होकर प्रदर्शन करना देश को शर्मसार करने वाला है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एआई को देश के कोने-कोने में फैलाना चाहते हैं। यही उनका विजन है जबकि कांग्रेस और राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर हर दिन आरोप लगाते रहते हैं।

राहुल गांधी का मकसद झूठ बोलकर देश को नीचा दिखाना है। वो विदेशी प्रोपोगैंडा फैला रहे हैं। उनको समझना चाहिए कि सूरज पर थूकने से अपना ही चेहरा गंदा होता है। उनका एजेंडा देश की छवि को धूमिल करना है। वो विदेशी मंचों से भारत को अपमानित करते हैं। ये चीन से राजीव गांधी फाउंडेशन में फंड लेते हैं।डिप्टी सीएम ने कहा कि भारत आर्थिक जगत में सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने देश का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

# पुलिस रिमांड में भेजा गया आरोपी बेटा

**लखनऊ मानवेंद्र हत्याकांड**

» बीपीएस न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पिता की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने, शव के टुकड़े करने और धड़ को ड्रम में छिपाने के लिए 21 साल के एक युवक को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (मध्य) जितेंद्र कुमार दुबे ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि आरोपी अक्षत सिंह से पूछताछ की जा रही है।

दुबे ने बताया, ÷प्रथम दृष्ट्या ऐसा लगता है कि अक्षत ने पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए बार-बार कहने और नीट पास करने को लेकर दबाव डालने की वजह से अपने पिता की हत्या की। हालांकि पूछताछ जारी है और मामले की जांच जारी है।÷ पुलिस उपायुक्त (मध्य) विक्रांत वीर ने बताया कि अक्षत ने 20 फरवरी को तड़के करीब साढ़े चार बजे अपने पिता मानवेंद्र सिंह (50) की आपसी विवाद के बाद कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि बाद में आरोपी ने सबूत मिटाने की कोशिश में शव के हाथ-पैर काट दिए और उन्हें लखनऊ में अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया जबकि धड़ को अपने घर के में रखे एक ड्रम के अंदर छिपा दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि फोरेंसिक की एक टीम ने मौके से सुबूत इकट्ठा किए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं मानवेंद्र सिंह के पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि यह सोचा भी नहीं जा सकता कि बेटा ऐसा काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी के बाद जब परिवार ने दावा किया कि मानवेंद्र लापता हो गये हैं तो स्थानीय लोग उनके साथ पुलिस के पास गए। पड़ोसी ने बताया कि अक्षत ने उन्हें कथित तौर पर बताया था कि उसने पहले ही शिकायत दर्ज करा दी है और पुलिस के संपर्क में है, जिससे उनका शक दूर हो गया। मानवेंद्र सिंह के भाई ने कहा कि उन्हें अपने भतीजे पर कभी शक नहीं हुआ। उन्होंने एक टेलीविजन चैनल से बात करते हुए कहा कि उन्होंने 20 फरवरी की शाम को अपने भाई को फोन किया था लेकिन उसका फोन बंद था। मृतक के भाई ने कहा, ÷जब मैंने अपने भतीजे से बात की, तो उसने मुझे बताया कि उसके पिता जरूरी काम से दिल्ली गए हैं और दो दिन में लौटेंगे। अगले दिन भी उसके सभी फोन बंद थे जिससे मुझे शक हुआ। मैं घर गया और पूछा लेकिन कभी नहीं सोचा था कि अक्षत इसमें शामिल हो सकता है।÷ परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने कहा कि मानवेंद्र सिंह के चार पैथोलॉजी सेंटर व शराब की तीन दुकानें थीं

# भोपाल में चाइनीज धागे से पतंगबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध, उपयोग-विक्रय और भंडारण दंडनीय अपराध

» बीपीएस न्यूज

भोपाल । भोपाल में चाइनीज धागे से पतंगबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके उपयोग, बिक्री और भंडारण को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। जन-सुरक्षा और पक्षियों की रक्षा के लिए जारी यह आदेश दो माह तक प्रभावी रहेगा। उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भोपाल शहर में चाइनीज धागे से पतंगबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने यह आदेश जारी किया है। धागे के उपयोग, विक्रय और भंडारण को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है।

यह प्रतिबंध भोपाल शहर की सीमा में तत्काल प्रभाव से लागू हुआ है। आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत जारी हुआ। पुलिस आयुक्त ने बताया कि चाइनीज धागा पक्षियों और आम लोगों के लिए खतरनाक है। इसके उपयोग से कई पक्षियों की मृत्यु तक हो जाती है। सड़क पर चलने वाले राहगीर और दोपहिया वाहन चालक भी घायल होते हैं। धागे की अत्यधिक मजबूती और कांच के चूरे के कारण यह जानलेवा बन जाता है। जन-सुरक्षा को देखते हुए यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो यह आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 सहित अन्य लागू अधिनियमों के तहत कार्रवाई होगी।चाइनीज धागा पक्षियों और मनुष्यों के लिए गंभीर खतरा है। इससे पक्षियों की जान चली जाती है और वे घायल होते हैं। राहगीर और दोपहिया वाहन चालक भी अक्सर चोटिल होते हैं। धागे की मजबूती और उस पर लगे कांच के कण इसे अत्यंत खतरनाक बनाते हैं। यह पशु-पक्षियों और आम नागरिकों पर बुरा प्रभाव डालता है।यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत जारी हुआ है। समयाभाव के कारण इसे एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।






# मछरिया में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा किया गया पैदल मार्च

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। आगामी त्यौहार होली एवं गंगा दशहरा को दृष्टिगत रखते थाना नौबस्ता क्षेत्र के मछरिया में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण योगेश कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता चित्रांशु गौतम, थाना प्रभारी नौबस्ता , थानाध्यक्ष हनुमंत विहार उपस्थित रहे।

संवेदनशील स्थानों एवं प्रमुख मार्गों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया गया।

त्योहार आयोजकों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर आपसी समन्वय बनाए रखते हुए शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधीनस्थ अधिकारियों को संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता, प्रभावी पुलिस पिकेटिंग एवं सतत पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।आमजन से अपील की गई कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

# दुपट्टे के सहारे पंखे से झूलता मिला होटलकर्मी का शव, पुलिस जांच में जुटी

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। चकेरी के पीएसी मोड़ पर एक होटलकर्मी ने शनिवार सुबह होटल के अंदर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। संचालक ने जब दरवाजा तोड़ा तब घटना का पता चला। फिलहाल सुसाइड की वजह स्पष्ट नहीं है।कानपुर में चकेरी थाना क्षेत्र के पीएसी मोड़ स्थित एक होटल में शनिवार सुबह एक कर्मचारी का शव पंखे से लटकता मिला। युवक ने दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह जब होटल संचालक दुकान खोलने पहुंचे, तो काफी देर तक अंदर से कोई आवाज नहीं आई। अनहोनी की आशंका होने पर जब काफी मशक्कत के बाद होटल का दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। होटलकर्मी का शव पंखे के सहारे फंदे पर लटका हुआ था।

# 68 बैंक खातों से हुआ खेल, पुलिस ने छह को भेजा जेल

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। कानपुर के श्यामनगर में हुई 24 लाख रुपये की लूट के राजफाश ने पुलिस और साइबर क्राइम ब्रांच को बड़े हवाला कारोबार का सुराग दे दिया है। पुलिस सवालों के घेरे में आए टेनरी संचालक की तलाश में जुट गई है। उसके और रिश्तेदारों के नाम पर खुले 68 बैंक खातों से ढाई साल में 1600 करोड़ रुपये निकाले गए हैं। आयकर, ईडी और अन्य एजेंसियों को जानकारी दे दी गई। पुलिस ने गुरुवार देर रात लूट के आरोपी बेकनगंज के मो. यासीन और मुजाहिद को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था, जबकि कुछ देर बाद मूलगंज के अब्दुल रहमान, चमनगंज के लारेब सिद्धिकी, बेकनगंज के सुभान खान व मो. जीशान के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई की। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। चकेरी क्षेत्र में 16 फरवरी की रात को मो. वासिद और अरशद को बाइक सवारों ने तमंचे के बल पर हमलाकर रुपये लूट लिए थे।यह वारदात श्यामनगर पुलिस चौकी के नजदीक हुई। घटना के बाद बाइक चालक ने खुद के साथ किसी भी तरह की वारदात से इन्कार कर दिया था। आठ दिन बाद ही वासिद ने तहरीर दे दी। पुलिस और साइबर क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच की, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बाइक सवारों से लूट हुई थी। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई थी।

इसमें सामने आया कि दोनों युवक घटना से पहले बिरहाना रोड के आईडीबीआई बैंक में गए थ और वहां से रुपये लेकर जाजमऊ की ओर जा रहे थे। लूट की रिपोर्ट न लिखाने पर पुलिस को शक हुआ। दोनों से सवाल किए गए, जिस पर वासिद ने कहा कि वह जाजमऊ निवासी टेनरी संचालक महफूज के घर जा रहे थे। पीड़ित न बैंक से 24 लाख रुपये निकालने की जानकारी दी थी।







